RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 261 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 12 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# केजरीवाल को जेल या बेल!

## कल सुप्रीम कोर्ट सुनाएगा फरमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट कल यानी 13 सितंबर को फैसला सुनाएगा।



इससे पहले, 5 सितंबर को अदालत ने केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल और सीबीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया। कल फैसला हो जाएगा कि सीएम केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे या अभी उन्हें जेल में ही रहना होगा।

आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं की नजरें सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर रहेंगी। अगर अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलती है तो इससे दिल्ली के विकास कार्यों में तेजी आएगी। वह आबकारी मामले में पिछले पांच महीनों से दिल्ली की (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जिले के 85 हजार बुजुर्गों को मिलेगा ईलाज का तोहफा

**नोएडा (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी है। यानी 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग इस स्कीम जरिए पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे।

जिले इस योजना से करीब 85 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिल सकता है। विभाग की ओर से इनका सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ऐसे वरिष्ठ नागरिक (70 वर्ष या अधिक) जो पहले से ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

वे या तो अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विकल्प चुन सकते हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 70 साल या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो कि निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभ हासिल करने के लिए पात्र होंगे।

# कार-ट्रक की भिड़ंत में 4 लोगों की मौत

## आज तड़के दिल्ली-देहरादून हाईवे पर हुआ हादसा

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** दिल्ली-देहरादून हाइवे पर आज सुबह भीषण हादसा हो गया। ट्रक में पीछे से कार की भिड़ंत होने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। चारों लोग अलीगढ़ जनपद के रहने वाले थे। कई लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में हुआ। पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है।



गौंडा कस्बा से बुधवार रात रेडीमेड व्यापारी केदारनाथ के लिए अर्टिगा गाड़ी (एचआर 30 एए 2922) से जा रहे थे। इसमें राहुल कौशिक, जुगल, बबलू वार्ष्णेय, विपिन उर्फ भोला, ग्रीन वार्ष्णेय, राजू व मंगेराम शामिल थे।

सुबह लगभग चार बजे हादसा हो गया। इसमें सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें ग्रीन, विपिन, जुगल और राहुल को मृत घोषित कर दिया गया। बबलू समेत तीन लोगों की हालत गंभीर है। वह गाड़ी में पीछे की तरफ बैठे थे।

घटना की खबर पाकर पूरा कस्बा शोक में डूब गया है। सभी ने बाजार बंद कर दिए। मृतकों के घर पर लोगों का तांता लग गया। मृतकों के परिवारीजन मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए हैं। जुगल व विपिन की शादी एक वर्ष पूर्व हुई है।

मृतकों के नाम (45 वर्षीय) रतन पुत्र शिवचरन लाल निवासी गोंडा, थाना गोंडा जनपद अलीगढ़, (31 वर्षीय) (शेष पृष्ठ-3 पर)

# वीडियो लाइक करने के नाम पर 1.40 लाख की ठगी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-73 में रहने वाले युवक के साथ साइबर अपराधियों ने वीडियो लाइक करने के नाम पर धोखाधड़ी कर एक लाख 40 हजार रुपए की ठगी कर ली।

सेक्टर-73 में रहने वाले अफरोज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से जनपद बरेली के रहने वाले हैं। पीड़ित के अनुसार कुछ समय पूर्व उन्हें एक लड़की का मैसेज आया। उसने खुद को एक कंपनी का एचआर बताया तथा कहा कि अगर आप हमारे साथ जुड़कर वीडियो लाइक करते हैं तो आपको अच्छा मुनाफा होगा।

उन्होंने बताया कि पीड़ित उनकी बातों में आ गया, तथा शुरुआती दौर में साइबर अपराधियों ने पीड़ित को कुछ फायदा पहुंचाया। धीरे-धीरे अपने जाल में फंसाकर अपराधियों ने पीड़ित से करीब 1 लाख 40 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। बाद में जब पीड़ित ने अपना पैसा निकालना चाहा तो आरोपियों ने उसे ग्रुप से बाहर कर दिया।

# बाइक सवार झपटमारों ने युवती से दो मोबाइल व नकदी लूटी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-56 में एक युवती से बाइक सवार बदमाशों ने उनका 2 मोबाइल फोन, 2 हजार रुपए नगद छीन लिये। सेक्टर-56 में रहने वाली श्रीमती योगिता ने थाना सेक्टर-24 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 3 सितंबर को रात 9 बजे के करीब मोदी माल से एडोब चौराहे की तरफ जा रही थी, तभी नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर-4 के पास बाइक पर सवार होकर आए 2 बदमाशों ने उनसे उनके दो मोबाइल फोन और 2 हजार रुपए नगद लूट लिये। पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# अवैध फीस वसूली पर डीएम से की शिकायत, सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 स्थित अर्श लाइन स्कूल की 25वीं वर्षगांठ के नाम पर स्कूल के द्वारा प्रत्येक छात्र से लिए जा रहे एक हजार रूपये की लूट का विरोध करते हुए करप्शन फ्री इंडिया ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित अर्श लाइन स्कूल की 25वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक छात्र से एक हजार रुपए (शेष पृष्ठ-3 पर)

# विदेशी साइबर ठगों को बैंक खाता मुहैया कराने वाला तिब्बती नागरिक गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** एसटीएफ ने ठगी करके रकम जमा कराने के लिए ठगों को भारतीय लोगों के बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले तिब्बती नागरिक को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।




विज्ञप्ति के हवाले से उत्तर प्रदेश एसटीएफ (नोएडा यूनिट) के एसएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि बीती रात को निरीक्षक सचिन कुमार ने एक सूचना के आधार पर दिल्ली के द्वारका से दो लोगों को हिरासत में पूछताछ के लिए लिया। इन्होंने अपना नाम चंद्र ठाकुर पुत्र रमेश ठाकुर तथा दीपक निराला पुत्र शिवराज बताया। उन्होंने बताया कि दोनों को एसटीएफ सूरजपुर स्थित कार्यालय पर लेकर आई। सख्ती से पूछताछ की गई तो एक व्यक्ति तथाकथित चंद्र ठाकुर ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह तिब्बत का रहने वाला है। उसके पास से भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड आई कार्ड आदि बरामद किया गया, जो चंद्र ठाकुर के नाम से बनवाया गया था। उन्होंने बताया कि जब उसके मोबाइल फोन में सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप चैट को चेक किया गया तो उस व्यक्ति ने स्वयं को तिब्बत का निवासी होना बताया। उसके मोबाइल में व्हाट्सएप पर विभिन्न विदेशी नागरिकों को भारतीयो के साइबर फ्रॉड करने हेतु बैंक खातों को उपलब्ध कराने का विवरण, यूजर नेम ,पासवर्ड आदि उपलब्ध कराने के साक्ष्य प्राप्त हुए। उन्होंने बताया की सख्ती से पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम छीन्जों थार्चरिन निवासी जिला गाजी तिब्बत चीन बताया।

गिरफ्तार तिब्बती नागरिक ने बताया कि उसकी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम जलाशय बना रहा प्राधिकरण

## क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिखा सीईओ को पत्र



**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा एनजीटी की गाइडलाइंस के अनुपालन में इस बार भी नोएडा में त्यौहारी सीजन के दौरान देवी-देवताओं की मूर्तियों का विसर्जन करने के लिए कृत्रिम तालाबों की पहल शुरू की गई है।

नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए सेक्टर-25 के खाली ग्राउंड, वर्क सर्किल-2 में मोदी मॉल के पास सेक्टर-25ए नोएडा स्टेडियम के सामने, वर्क सर्किल-3 में सेक्टर-46 कामर्शियल प्लाट में, वर्क सर्किल-4 में सी-57 सेक्टर-62 में कॉमर्शियल भूखंड, वर्क सर्किल-6 में सेक्टर-116 की मास्टर ग्रीन वेल्ट में, सेक्टर-120 के मास्टर ग्रीन बेल्ट, वर्क सर्किल-8 में सेक्टर-110 के सामुदायिक केन्द्र के सामने, सेक्टर-105 में पेट्रोल पंप के पास कामर्शियल भूखं डमें तालाबों का निर्माण किया जा रहा है।

गणेश पूजन, दुर्गा पूजा, काली पूजा, छठ पूजा, लक्ष्मी पूजा तथा विश्वकर्मा पूजा के दौरान मूर्तियों को अब यमुना व हिंडन के बजाय इन्हीं कृत्रिम तालाबों में किया जाएगा।

बता दें कि क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को इस बाबत पत्र लिखकर मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम जलाशय बनाने के निर्देश दिये हैं। प्राधिकरण ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है।

# युवती का लैपटॉप, डेबिट कार्ड व नकदी चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के छलेरा गांव निवासी युवती के घर से अज्ञात चोरों ने उनके घर से लैपटॉप, 4000 नगद, डेबिट कार्ड आदि चोरी कर लिया।



ज्योति चौहान पुत्री अक्षय कुमार चौहान निवासी ग्राम छलेरा ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके घर से अज्ञात बदमाशों ने लैपटॉप, 4 हजार रुपए,तीन डेबिट कार्ड आदि चोरी कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बारिश से नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जगह-जगह जल भराव व जाम

**नोएडा (चेतना मंच)।** कल रात से रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में जगह-जगह जल भराव की स्थिति पैदा हो गयी है। इसके कारण गौतमबुद्ध नगर जिले के कई इलाकों में भारी ट्रैफिक जाम की समस्या देखने को मिली। विशेष रूप से नोएडा के सेक्टर-37, अट्टा बाजार, रजनीगंधा चौक, सेक्टर-5, सेक्टर-9 और सिटी सेंटर जैसे क्षेत्रों में वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण सड़कों पर भीड़भाड़ बढ़ गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



# सोने की चेन लूटी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है की बाइक सावरा अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन लूट ली है।



श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी हीरालाल ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 सितंबर को वह शाम के समय सेक्टर-119 स्थित अपने फ्लैट से निकलकर अपने पति के साथ सामान खरीदने जा रही थी। जैसे ही वह अपनी सोसाइटी से कुछ दूर आगे गई बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन लूट ली। उन्होंने बताया कि बदमाश मौके से भाग गए।

# प्राधिकरण ने किया सफाई व एंटी लार्वा छिड़काव

**नोएडा (चेतना मंच)।** मच्छरों के बढ़ते प्रकोप तथा डेंगू व अन्य बीमारियों से सावधानी के मददेनजर आज नोएडा प्राधिकरण की जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर-56 में जगह'-जगह एंटी लार्वा का छिड़काव किया तथा साफ-सफाई की। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल के अलावा स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षक व अन्य टीम मौजूद थी।





सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के महासचिव जी.के. बंसल ने बताया कि सेक्टर में गंदगी तथा मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के मददेनजर आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण में शिकायत की थी। इसी को संज्ञान में लेकर यह अभियान चलाया गया। इस मौसम में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा गंदगी की सफाई व पेड़ों की छंटाई आवश्यक है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# निजी अस्पतालों के आगे प्राधिकरणों ने टेके घुटने!

## कई तो बेसमेंट में ओपीडी की बात नकार गए, कुछ ने नहीं दिया जवाब

**चेतना मंच**

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा।** इस देश में किसी हादसे के बाद सरकारी तंत्र व मीडिया तुरंत सक्रिय हो जाती है। इसके बाद नये-नये फरमान लागू कर दिये जाते हैं। लेकिन हादसे की सुर्खियों की स्याह सूखते ही सरकारी सक्रियता भी सुप्तावस्था में चली जाती है। ऐसा ही दिल्ली में बेसमेंट में चल रहे कोचिंग हादसे के बाद नोएडा व ग्रेटर नोएडा में देखने को मिल रहा है। यहां बेसमेंट में ओपीडी आदि चला रहे कई अस्पतालों को प्राधिकरणों ने नोटिस भेजे लेकिन कईयों ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया तो कुछ ने नकार दिया कि उनके यहां बेसमेंट में कोई ओपीडी नहीं चल रहा है।



मालूम हो कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा में कई निजी अस्पताल बेसमेंट में धड़ल्ले से ओपीडी और ऑपरेशन थियेटर तक चला रहे हैं। पिछले दिनों दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से तीन छात्रों की मौत के बाद हरकत में आए प्राधिकरणों द्वारा दिए गए नोटिस के जवाब में सफेद झूठ बोलते हुए ऐसे अस्पतालों ने प्राधिकरण को ही झूठा बता दिया है।

दिल्ली में कोचिंग सेंटर में हादसे के बाद नोएडा व ग्रेटर नोएडा में भी प्रशासन व प्राधिकरण की खुमारी टूटी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी ऐसी कार्रवाई का मामूली उपक्रम किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने संज्ञान में आने पर बेसमेंट में ओपीडी आदि गतिविधियां चला रहे निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर बेसमेंट में गैर निर्धारित गतिविधियां न करने का आदेश दिया। जिन अस्पतालों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोटिस दिया है उनमें यथार्थ हॉस्पिटल (ग्रेटर नोएडा एवम ग्रेटर नोएडा वेस्ट), अपोलो हॉस्पिटल,कैलाश हॉस्पिटल,शारदा हॉस्पिटल, नवीन हॉस्पिटल,आस्था हॉस्पिटल,ग्रीन सिटी हॉस्पिटल, होप हॉस्पिटल, शर्मा हॉस्पिटल, कुमार हॉस्पिटल, जे आर हॉस्पिटल, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रेल दुर्घटना

पिछले दिनों लगातार होती रही रेल दुर्घटनाएं हर किसी व्यक्ति को परेशान करती रही हैं। दुनिया के चौथे सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क पर हम भारतीय गर्व करते रहे हैं। करीब सवा बारह लाख कर्मचारियों वाला भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाली रेल दुर्घटनाएं हमें विचलित करती हैं कि रेल यात्री की जिंदगी इतनी सस्ती क्यों है? जिन लोगों के पास रेलवे सुरक्षा का जिम्मा है क्या वे अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं? निस्संदेह, देश में भारतीय रेलवे दशकों तक राजनीतिक हित साधने का शार्टकट माध्यम रहा है। गठबंधन सरकारों में घटक दलों के सांसदों में रेल मंत्रालय लेने की होड़ रहा करती थी। वजह थी कि अपने राज्य व संसदीय क्षेत्रों के बेरोजगारों को विशाल रेल तंत्र में खपाया जा सके। यह यक्ष प्रश्न है कि राजनीतिक हस्तक्षेप से की गई नियुक्तियां किस हद तक किसी विभाग या काम की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। विडंबना यह भी कि राजनीतिक लाभ के लिये नित नयी ट्रेनों की घोषणा करने वाले राजनेताओं ने रेलवे में सेवा की गुणवत्ता व सुरक्षा के पहलुओं को उतनी गंभीरता से नहीं लिया। कोई वैज्ञानिक अध्ययन सामने नहीं आया जो इस बात की व्याख्या कर सके कि पुराना रेलवे ढांचा क्या तेज गति की ट्रेनों के दबाव को सह लेगा? सर्वविदित है कि तमाम छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाओं के मूल में मानवीय चूक का पहलू भी सामने आता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में रेलों को पटरी से उतारने की साजिश का जो एंगल सामने आया है, वह बेहद डरावना है। दरअसल, आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर रेल की पटरी पर ऐसे अवरोधक पाये गए हैं, जो रेल को पटरी से उतारकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते थे। इस बाबत कुछ वीडियो सुर्खियों में रहे, जिसमें पाक में सक्रिय कट्टरपंथी भारतीय रेलों को पटरी से उतारने की बात कर रहे थे। बीते रविवार उ.प्र. में कानपुर के निकट प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस पटरी पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई। शुक्र है कि सिलेंडर छिटकने से विस्फोट न हो पाने पर दुर्घटना का खतरा टल गया। इस तरह पटरी से ट्रेन को उतारने की साजिश विफल हो गई। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में तमाम तेज गति की नई ट्रेनें पटरियों पर दौड़ रही हैं। उनकी गति भी बढ़ी है और रेलों की आवाजाही भी। ऐसे में सुरक्षा के प्रबंध चाकचौबंद न होने से हजारों यात्रियों की जान का जोखिम बना रहता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले महीने भी कानपुर के पास ही वाराणसी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस के करीब दो दर्जन डिब्बे पटरी से उतर गये थे। तब भी चालक ने किसी चट्टान के इंजन से टकराने की बात कही थी। इससे पहले चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के बेपटरी होने से चार यात्रियों को जान से हाथ धोना पड़ा था। निस्संदेह, इसके साथ ही रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने की कुछ अन्य घटनाएं भी सामने आई हैं। ये घटनाएं बताती हैं कि ट्रेन में सफर कर रहे हजारों नागरिकों की जीवन रक्षा के लिये रेलवे के सुरक्षातंत्र को फुलप्रूफ बनाने की जरूरत है। ये घटनाएं हमें विचार के लिये बाध्य करती हैं कि चांद व मंगल पर दस्तक देने वाला भारत अपने रेलवे तंत्र को दुर्घटनामुक्त क्यों नहीं बना पा रहा है। नीति-नियंताओं को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि गति से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि पहले सुरक्षा चाकचौबंद की जाए। यदि रेलवे को निशाने बनाने की साजिश हुई है तो उसकी उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिए। सिर्फ आरोप लगाने काफी नहीं हैं। नहीं तो विपक्ष को यह कहने का मौका मिलेगा कि सरकार अपनी विफलता छुपाने के लिये इस तरह के तर्क दे रही है। वैसे एक हकीकत यह भी कि लोकलुभावन नीतियों व लोकतंत्र में वोटतंत्र के हावी होने की वजह से रेलवे के किराये को तार्किक नहीं बनाया जा सका है। याद रहे रेलवे को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये आधुनिक तकनीक व उपकरणों को लगाने के लिये बड़ी पूंजी की जरूरत होती है। जिससे रेल यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने में मदद मिल सकेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तुम मन, वचन और कर्म से श्री रामजी के भक्त हो। तुम्हारी चतुराई को मैं जान गया। तुम श्री रामजी के रहस्यमय गुणों को सुनना चाहते हो, इसी से तुमने ऐसा प्रश्न किया है मानो बड़े ही मूढ़ हो॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तात सुनहु सादर मनु लाई। कहउँ राम कै कथा सुहाई॥**
**महामोहु महिषेसु बिसाला। रामकथा कालिका कराला॥**

हे तात! तुम आदरपूर्वक मन लगाकर सुनो, मैं श्री रामजी की सुंदर कथा कहता हूँ। बड़ा भारी अज्ञान विशाल महिषासुर है और श्री रामजी की कथा (उसे नष्ट कर देने वाली) भयंकर कालीजी हैं॥

**सती का भ्रम, श्री रामजी का ऐश्वर्य और सती का खेद**

**रामकथा ससि किरन समाना। संत चकोर करहिं जेहि पाना॥**
**ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी। महादेव तब कहा बखानी॥**

श्री रामजी की कथा चंद्रमा की किरणों के समान है, जिसे संत रूपी चकोर सदा पान करते हैं। ऐसा ही संदेह पार्वतीजी ने किया था, तब महादेवजी ने विस्तार से उसका उत्तर दिया था॥

**दो0-कहउँ सो मति अनुहारि अब उमा संभु संबाद।**
**भयउ समय जेहि हेतु जेहि सुनु मुनि मिटिहि बिषाद॥**

अब मैं अपनी बुद्धि के अनुसार वही उमा और शिवजी का संवाद कहता हूँ। वह जिस समय और जिस हेतु से हुआ, उसे हे मुनि! तुम सुनो, तुम्हारा विषाद मिट जाएगा॥

(क्रमशः..)

# जम्मू-कश्मीर पर रक्षामंत्री का दूरगामी सन्देश

जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दर्शाने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ-साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है। रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा सन्देश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है।

कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ोसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आन्दोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब-तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है। कहना कठिन है कि रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहता है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को सहयोग-समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।

रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को




भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद-370 की वापसी का भी सपना दिखा रहे हैं। यह दिवास्वप्न के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अब इस विभाजनकारी और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले अनुच्छेद की वापसी संभव नहीं और इसीलिए रामबन में राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा ने डंके की चोट पर अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि का रास्ता बनाया है। किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं कि वह इस अनुच्छेद को वापस ला सके। ऐसा कहते हुए उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया, जो कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और अनुच्छेद-370 की वापसी के उसके वादे पर मौन धारण किए हुए है। पाकिस्तान एवं घाटी के विभिन्न राजनीतिक दल बार-बार अनुच्छेद 370 का जिक्र कर दुनिया के सामने यह गीत गाते रहे हैं कि 370 हटने से कश्मीर के लोग नाराज हैं। इस झूठ को खुलासा स्वयं कश्मीर की जनता ने लोकसभा चुनाव में वोटिंग के जरिये किया है।

घाटी में चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे हैं राजनीतिक दल पाकिस्तानी राग अलापते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला इस वक्त अफ़ज़ल को दी गयी फांसी के विवाद में घिर चुके हैं। उन्होंने कह दिया कि अफ़ज़ल को फाँसी देना गलत था। चूँकि अफ़ज़ल संसद पर हमले का ज़िम्मेदार था, उसकी तरफदारी करके नेशनल कान्फ्रेंस स्पष्ट रूप से जता रही है कि वह आतंकवादियों से मिली हुई है या उनकी तरफ़दारी कर रही है और कांग्रेस उसकी साथी है। इन स्थितियों में कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों से सहमत है? उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह उमर अब्दुल्ला के इस आकलन से सहमत है कि संसद पर हमले की साजिश रचने वाले अफजल गुरु को फांसी की सजा देने से कुछ हासिल नहीं हुआ? यह अलगाववाद और आतंकवाद के दौर की वापसी के समर्थकों की हमदर्दी हासिल करने वाला ही बयान है और इसीलिए राजनाथ सिंह ने उन पर कटाक्ष किया कि अफजल को फांसी न दी जाती तो क्या उसके गले में हार डाले जाते। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर भी चुप्पी साधे है, जबकि उसे फांसी की सजा मनमोहन सिंह सरकार के समय ही दी गई थी। ऐसे में कश्मीर के लोगों को तय करना होगा कि वे देश प्रेमियों के साथ हैं या देशद्रोहियों के साथ? बहरहाल, धारा 370 हटने के बाद यहाँ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था जो अच्छा संकेत है। वर्ना इससे पहले तो तीस प्रतिशत मतदान को भी अच्छा समझा जाता रहा।


जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता के साथ गुलाम कश्मीर एवं अनुच्छेद 370 के मुद्दे व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेंगे। इन चुनावों में मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। इन स्थितियों में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कश्मीर की जनता को जागरूक किया है एवं मतदान के प्रति सतर्क होने के साथ अपना मतदान विवेक से करने का वातावरण निर्मित किया है।

**-ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## बुद्ध का शांति संदेश कितना प्रासंगिक

सर्वोच्च मानवीय मूल्यों व नैतिकता में शुमार अमन, शांति, संयम, सौहार्द, सद्भाव, इत्तिहाद, मोहब्बत, सुकून, शिष्टाचार व अहिंसा जैसे अल्फाज तथा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' व 'अहिंसा परमो धर्म' जैसे वाक्यांश सुनने में अच्छे लगते हैं। लेकिन वैश्विक पटल पर राजनीतिक, कूटनीतिक व रणनीतिक समीकरण बदल चुके हैं। रूस-यूक्रेन तथा इजरायल-फिलीस्तीन जैसे देशों के युद्धों में आग उगल रहे हथियारों के कहर से अमन व अहिंसा जैसे लफ्ज अपना वजूद तलाश रहे हैं। हिंदोस्तान की सरजमीं पर 'महात्मा बुद्ध' से लेकर 'महात्मा गांधी' तक कई महापुरुषों ने अमन की पैरोकारी करके दुनिया को शांति का पैगाम दिया है। पंद्रह अगस्त को मुल्क की यौम-ए-आजादी के मौके पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने अपनी तकरीर में जिक्र किया था कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिए हैं। गुजिस्ता अगस्त महीने में यूक्रेन के दौरे पर गए हमारे प्रधानमंत्री ने अपनी उसी तहरीर को दोहराया कि भारत ने विश्व को युद्ध नहीं, बुद्ध दिए हैं। हाल ही में 23 मई 2024 को महात्मा बुद्ध की 2586वीं जयंती भी मनाई गई। भारतभूमि पर उद्गम हुए बौद्ध धर्म को भारत के अलावा चीन, कोरिया, वियतनाम, मंगोलिया, जापान व ताइवान सहित कई देशों में करोड़ों लोग अपनाते हैं।

भूटान, श्रीलंका, कंबोडिया व म्यांमार में बौद्ध धर्म को आधिकारिक दर्जा हासिल है। लाओस तथा थाईलैंड घोषित बौद्ध राष्ट्र हैं। सदियों पूर्व भारत के कई राजाओं ने बुद्ध की विरासत को सहेजने में अहम योगदान दिया था। कलिंग युद्ध में भयंकर रक्तपात से आहत होकर सम्राट 'अशोक' भी बुद्ध की शरण में चले गए थे तथा अपने शिलालेखों व बौद्ध संस्थाओं के माध्यम से बुद्ध के शांति संदेशों को कई देशों में पहुंचाकर बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार किया था। भारतीय बौद्ध विद्वान 'कुमारजीव' ने चौथी शताब्दी में संस्कृत व बौद्ध साहित्य के कई ग्रंथों को 'मंदारिन' भाषा में अनुवाद करके बुद्ध की ज्ञान विरासत को चीन की धरती पर विस्तार दिया था। भारतीय दर्शन के प्रकांड आचार्य 'शांतरक्षित' ने सन् 734 ईस्वी में तिब्बत में जाकर 'ओदांतपुरी महाविहार' की तर्ज पर 'सान्ये विहार' नामक बौद्ध विहार का निर्माण करवा कर बौद्ध संस्कृति की बुनियाद मजबूत की थी। बेशक राजकुमार 'सिद्धार्थ गौतम' ने राजमहलों को त्याग कर वैराग्य धारण करके 'महात्मा बुद्ध' बनकर विश्व को सत्य, शांति व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया था, मगर विडंबना है कि बुद्ध का अहिंसा व अमन का पैगाम विदेशी आक्रांताओं व मजहब के रहनुमाओं तथा चीन व पाकिस्तान जैसे देशों को कभी रास नहीं आया। सन् 845 ईस्वी में चीन के 'तांग वंश' ने अपने मुल्क में बौद्ध धर्म की बढ़ती लोकप्रियता से खौफजदा होकर बौद्ध विरोधी अभियान छेड़ दिया था। चीन की तर्ज पर सन् 1392 में कोरिया के 'जोसियान वंश' ने भी बौद्ध धर्म के विरुद्ध आवाज बुलंद की थी। जापान की सैन्य सामान्ती हुकूमत 'तोकुगवा शोगुनेट' (1603-1868) के दौर में बौद्ध धर्म को हाशिए पर धकेलने की पूरी कोशिश हुई थी। 'सिकंदर शाह मिरी' (1389-1412) ने कश्मीर में महात्मा बुद्ध की सदियों पुरानी अष्टधातु की मूर्ति को पिघलवा दिया था। सन् 1949 में 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' की स्थापना के साथ ही चेयरमैन 'माओत्से तुंग' ने तिब्बत पर अपना दावा पेश करके सैन्य कार्रवाई को अंजाम देकर साल 1950 में तिब्बत पर अपनी लाल सल्तनत का परचम लहरा दिया था। चीन की 'पीपल लिबरेशन आर्मी' ने हजारों तिब्बती लोगों को हलाक कर दिया था। पीएलए की कत्लोगारत व तशद्दुद के चलते सन् 1959 में हजारों तिब्बती लोग भारत में शरण लेने को मजबूर हुए। बौद्ध धर्म के अनुयायी लाखों तिब्बती लोग शरणार्थी बनकर जीवनयापन करके अपने मुल्क की स्वायत्तता को संघर्षरत हैं।



अफगानिस्तान की बामियान घाटी में महात्मा बुद्ध की चौथी शताब्दी की विशाल प्रतिमाएं सदियों से चंगेज खान, बाबर, औरंगजेब तथा अफगान हुक्मरान 'अब्दुर रहमान खान' जैसे हमलावरों के निशाने पर रही थीं। सन् 2001 में तालिबान हुकूमत ने बुतपरस्ती की दलील देकर 55 मीटर व 38 मीटर ऊंची 'साल्सल' व 'शामामा' जैसे मुकद्दस नाम वाली बामियान बुद्धों की प्रतिमाओं को बारूदी विस्फोट से उड़ा दिया था। तालिबान की हुकूमत नाफिज होते ही अफगानिस्तान के हजारों लोग शराणार्थी बनने को मजबूर हुए। बौद्ध धर्म के प्रमुख केन्द्र बौधगया, सारनाथ व कुशीनगर भारत में ही मौजूद हैं। बौधगया में ज्ञान प्राप्ति के बाद महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश बनारस के नजदीक 'सारनाथ' में ही दिया था। जिसे 'धर्म चक्र प्रवर्तन' कहा जाता है। मगर महमूद गजनवी व मोहम्मद गौरी जैसे आक्रांताओं ने सारनाथ में शांति के प्रतीक मठों व स्मारकों पर हमले करके बौद्ध संस्कृति को ध्वस्त कर दिया था, जिनमें गढ़वाल के शासक 'गोविंद चंद' की रानी 'कुमार देवी' द्वारा ग्यारहवीं सदी में निर्मित सारनाथ का महान् स्मारक 'धर्मचक्र जिन विहार' भी शामिल था। हालांकि सन् 1539 में 'चौसा' के युद्ध में शेरशाह सूरी से पराजित होकर हुमायूं ने कुछ समय के लिए सारनाथ में ही शरण ली थी। मौजूदा वक्त में मजहबी कट्टरता व चरमपंथ की जहरीली सोच दुनिया के लिए एक तशवीशनाक मसला बनकर उभर रही है। भौतिक सुख सुविधाओं से संपन्न देश भी शांति को मोहताज हैं।

लिहाजा प्रश्न यह है कि क्या विश्व को तीसरी आलमी जंग के मुहाने पर ले जा रहे बड़े देशों के हुक्मरानों के जहन में युद्ध के बजाय बुद्ध की चेतना जागृत होगी? यदि भारत दुनिया को महात्मा बुद्ध, महावीर व महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों के शांति संदेश देकर मानवता के तकाजे निभाता रहेगा तो देश शरणार्थियों की महफूज पनाहगाह बनकर रह जाएगा। अतः राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए 'राजपूताना राइफल' के आदर्श वाक्य 'वीर भोग्या वसुंधरा' व 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' राष्ट्रवाद के जज्बात जगाने वाले 'सुभाष चंद्र बोस' के उस इंकलाबी नारे को भी याद रखना होगा। बुद्ध के शांति संदेश के साथ विश्व को अपनी एटमी व चौथी वैश्विक सैन्य ताकत का एहसास भी कराना होगा।

**-प्रताप सिंह पटियाल**

## राशिफल

**भाद्रपद शुक्ल पक्ष : नवमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण हो रहा है। यात्रा का योग बन रहा है। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम की स्थिति अच्छी है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में ध्यान दें। प्रेम-संतान मध्यम है। व्यापार ठीक है। शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। लेकिन परेशानी भरा समय है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। व्यापार अच्छा है। स्वास्थ्य अच्छा है। पीली वस्तु पास रखें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
गृहकलह के संकेत हैं लेकिन भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा। व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन दिख रहा है। कुटुंबों में वृद्धि। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय के नवीन सोर्स बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। प्रेम-संतान, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। एक अच्छी स्थिति दिख रही है।

# नोएडा बनेगा सेमीकंडक्टर चिप का हब, पांच कंपनियां लगाएंगी यूनिट

## यूपी की होगी एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था, सरकार ने दी अनुमति

## वीवो व सैमसंग प्रतिवर्ष 12-12 करोड़ यूनिट मोबाइल का करेंगी निर्माण



**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में गौतमबुद्ध नगर केंद्र बिंदु बनने की तैयारी में हैं। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अगले वर्ष संचालन शुरू होने से क्षेत्र में निवेशक रुचि दिखा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 425 एकड़ में पांच सेमीकंडक्टर उद्योग की स्थापना के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है।

गौतमबुद्ध नगर में वीवो, सैमसंग, ओप्पो जैसी बड़ी कंपनी मोबाइल का निर्माण कर रही हैं। वीवो व सैमसंग प्रतिवर्ष 12-12 करोड़ यूनिट मोबाइल का निर्माण करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, देशभर के कुल मोबाइल उत्पादन का 40 प्रतिशत गौतमबुद्ध नगर में हो रहा है। मोबाइल चार्जर समेत अन्य एसेसरीज की 500 इकाइयां हैं।

इनके निर्माण के लिए सेमीकंडक्टर सबसे बड़ी मांग है। कोविड के दौरान और उसके बाद सेमीकंडक्टर के आयात में कमी देखी गई थी, जिसके बाद देश में ही सेमीकंडक्टर के निर्माण का निर्णय लिया गया। जिले में सेमीकंडक्टर की यूनिट लगने से इलेक्ट्रॉनिक्स यूनिट का निवेश भी बढ़ेगा, जो प्रदेश की एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाएंगी।

## देश में वर्तमान में चार कंपनियों ने किया 150 लाख करोड़ का निवेश

वर्तमान में देश में टाटा एलेक्सी लिमिटेड, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल, केयंस सेमीकॉन, डिक्सन टेक्नोलाजीस (इंडिया) लिमिटेड, एसपीईएल सेमीकंडक्टर लिमिटेड, एएसएम टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, मोस्चिप टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और रतनशा इंटरनेशनल रेक्टिफायर लिमिटेड आदि कंपनी चिप उद्योग से जुड़ी हैं।

देश में चिप उत्पादन के लिए पांच यूनिट स्थापित की जा रही हैं। इनमें से दो टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, एक माइक्रोन टेक्नोलॉजी व एक सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल व एक केयंस की शामिल हैं। चारों कंपनियां करीब 150 लाख करोड़ का निवेश करेंगी।

इनमें सालाना सात करोड़ चिप निर्माण का लक्ष्य है। नए घोषित केयंस सेमीकॉन के प्लांट जो कि गुजरात के साणंद में बनेगा, उसमें सालाना 63 लाख चिप बनेंगी। चिप इंडस्ट्री के लिए भारत में अभी कई चुनौतियां हैं।

इनमें सप्लाई चेन, कच्चा माल, उपकरण, टेस्टिंग फैसिलिटी और कुशल श्रम की कमी आदि शामिल हैं। रिसर्च और डेवलपमेंट में दुनिया में अमेरिका अव्वल है। भारत को अभी इस दिशा में काफी काम करना है। चिप निर्माण में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन से कड़ी टक्कर है। सबसे खास बात तो यह है कि ताइवान की कंपनी जहां दो नैनोमीटर का चिप बनाने जा रही है, वहीं भारत में 90, 55, 50 और 28 नैनोमीटर के चिप बनाने की अभी तैयारी है। बाद में इसे 22 नैनोमीटर तक बढ़ाने की योजना है।

## सेमीकंडक्टर पॉलिसी से निवेशकों कई छूट

उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर पॉलिसी के तहत 50 प्रतिशत भारत सरकार से सब्सिडी, पांच प्रतिशत इंटरेस्ट सब्सिडी प्रतिवर्ष, 75 प्रतिशत लैंड रिबेट इसके तहत कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स, सिलिकॉन फोटोनिक्स, सेंसर फैंस, डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर, एटीएमबी, ओएसएटी से संबंधित यूनिट लगेंगी। 100 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी से राहत, 10 वर्ष तक 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी से राहत, 50 प्रतिशत राहत इंटरस्टेट पावर पर्चेज, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग चार्ज पर, आरएंडटी सेंटर के लिए 25 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, पेटेंट पंजीकरण फीस पर 10 लाख रुपये घरेलू व 20 लाख रुपये अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को प्रतिपूर्ति की जाएगी। युवाओं को सेमीकंडक्टर निर्माण में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने राज्य के दो आईआईटी सहित तकनीकी संस्थानों में ऐसे पाठ्यक्रमों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। सेमीकंडक्टर उद्योगों में सीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत युवाओं के लिए दो वर्ष के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

# जितेन्द्र अग्रवाल बने जिलाध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पतवाड़ी ग्राम में भारतीय किसान यूनियन क्रांति की बैठक हुई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल को नियुक्त किया गया। तथा जितेंद्र अग्रवाल ने संगठन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा की संगठन द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी गई है। उसका ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा एवं किसान एवं क्षेत्र के जुड़े हुए सभी मुद्दों पर ईमानदार संघर्ष किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष परविंदर यादव प्रदेश प्रवक्ता जय यादव विनोद यादव राष्ट्र संगठन मंत्री पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव नोएडा महानगर अध्यक्ष गौरव भाटी लोकेश पहलवान शेखर नंबरदार प्रेम यादव रविंद्र यादव प्रदेश सचिव कलम अहमद रविन्द्र यादव जी, संजय चेयरमैन जी,बीरम यादव जी एवं पटवारी के गणमान्य आदि लोग मौजूद रहे।

# सतीश पीलवान का हुआ स्वागत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सतीश पीलवान के ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सेक्टर ज्यू-2 के अध्यक्ष केपी नागर सहित अध्यापकों ने ज़ोरदार स्वागत किया।

सतीश पीलवान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की इकाई/विकास खण्ड दनकौर के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। विकास खण्ड दनकौर के सैकड़ों अध्यापक/अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया था। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतीश पीलवान ईमानदार, स्पष्टवादी, मृदुभाषी, जुझारू, संघर्षशील छवि के कर्मठ अध्यापक है। इनके कुशल व्यवहार को देखते हुए ब्लॉक अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए सतीश पीलवान ने सभी को आशान्वित किया कि सदैव शिक्षक हित में कार्य करता रहूँगा। शिक्षकों के मान सम्मान और अधिकारों की लड़ाई जोरदार ढंग से लड़ी जाएगी।

# छात्र ने बनाया 10वीं की छात्रा का अश्लील वीडियो

**ग्रेटर नोएडा।**

यूपी के ग्रेटर नोएडा में ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 10वीं की छात्रा का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का मामला सामने आया है। पीड़ित स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित स्वजन ने पुलिस को बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी कक्षा 10 में पढ़ती है। बेटी के साथ ही गांव का रहने वाला एक छात्र भी पढ़ता है। जिससे उसकी बेटी की दोस्ती हो गई थी। करीब डेढ़ साल पहले उसकी बेटी ने अपनी अश्लील वीडियो बनाकर दोस्त को भेज दी थी।

आरोप है कि किशोरी के दोस्त ने अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित किया है। वीडियो प्रसारित होने के बाद से किशोरी मानसिक तनाव में है।

उधर, ईकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया कि पीड़ित स्वजन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस




**नोएडा (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय लोक दल के स्थापना दिवस पर रालोद के नोएडा विधानसभा अध्यक्ष बी.एल. अग्रवाल द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सेक्टर-18 में स्व. चौ. चरण सिंह एवं स्व. चौ. अजीत सिंह की तस्वीर को पुष्प अर्पित कर धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। बी.एल. अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की हमें पार्टी की नीतियों पर चलते हुए पार्टी का विस्तार करते हुए नये युवा कार्यकर्ताओं को साथ जोड़ना होगा। नोएडा विधानसभा से अधिक से अधिक युवा रालोद से जुड़ सकें यही प्रयास हर कार्यकर्ता का होना चाहिए। आने वाले समय में नोएडा विधानसभा की टीम इतनी बड़ी बना दी जायेगी जिससे पार्टी का संदेश घर घर तक पहुँचाने में टीम सक्षम हो पाये। इस मौके पर महानगर नोएडा अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, महानगर नोएडा महासचिव सुनील पांडेय , सुरेश, आशीष कुमार, हरिओम यादव, गोपाल यादव, डा. एम के दीक्षित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:–

**क्रमांक-1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 12-2024-कालोनी,** कार्य का नाम: गोरखपुर-उप मुख्य विद्युत अभियंता/ कॉलोनी क्षेत्राधिकार में विभिन्न सबस्टेशनों के जीर्ण, क्षतिग्रस्त, पुराने और अधिक पुराने एल.टी./एच.टी. पैनलों और संबद्ध उपकरणों को प्रतिस्थापित करके विद्युत आपूर्ति क्षमता में वृद्धि। अनुमानित लागत: ₹ 2,38,26,502/-, बयाने की राशि: ₹ 2,69,100/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 09 माह। **क्रमांक-2, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 13-2024-कालोनी,** कार्य का नाम: गोरखपुर-यांत्रिक कारखाना पावरहाउस से एल.एन.एम. रेलवे अस्पताल सब-स्टेशन तक इमरजेन्सी फीडर की पुरानी ओवरहेड लाइन को भूमिगत एच.टी. केबल से बदलाव, प्रेस सबस्टेशन पर डॉमेस्टिक सप्लाई का प्रावधान तथा अस्पताल फीडर और मैकेनिकल वर्कशॉप फीडर के लिये अतिरिक्त एच.टी. केबल का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 1,15,47,640/-, बयाने की राशि: ₹ 2,07,700/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 09 माह। **क्रमांक-3, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 15-2024-कालोनी,** कार्य का नाम: उप मुख्य विद्युत अभियंता/कॉलोनी क्षेत्राधिकार में विभिन्न कॉलोनियों/कार्यालयों/सेवा भवनों की प्रकाश व्यवस्था उन्नयन के माध्यम से विद्युत परिसंपत्तियों का संवर्धन तथा सहायक उपकरणों सहित स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का प्रावधान/प्रतिस्थापन/मरम्मत कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 65,46,642.22, बयाने की राशि: ₹ 1,30,900/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 06 माह।

• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 26-09-2024 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी
मुजाधि/विद्युत-125 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## पृष्ठ एक के शेष....

**केजरीवाल का...**

तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने उन्हें इसी साल 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने जेल से 26 जून को दिल्ली सीएम को अरेस्ट किया था।

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत दे दी, जबकि ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को बड़ी बेंच को भेज दिया था। हालांकि, सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी के कारण वे हिरासत में ही हैं।

**अवैध फीस वसूली...**

मांगे जा रहे हैं। अभिभावकों ने पैसा देने से मना कर दिया है और कड़ा विरोध जता रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के द्वारा प्रत्येक प्रोग्राम के लिए पैसा मांगा जाता है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया की स्कूल में लगभग 2600 से 2700 छात्र पढ़ते हैं। कुछ छात्र यदि पैसा नहीं देंगे तो फिर भी लगभग 25 लाख रूपये एकत्र हो जाएंगे। स्थापना दिवस के नाम पर स्कूल के द्वारा बच्चों एवं उनके अभिभावकों से यह बड़ी आर्थिक लूट की जा रही है।

इस मौके पर मास्टर दिनेश नागर, बलराज हूंण, चौधरी प्रेम प्रधान (जिलाध्यक्ष), राकेश नागर, हरीश भाटी, सत्येंद्र हूंण, दुलीचंद नागर, जोगिंदर खटाना आदि लोग मौजूद रहे।

**बारिश से नोएडा...**

इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के किसान चौक, जगत फार्म, सूरजपुर और दादरी क्षेत्रों में भी ट्रैफिक जाम की समस्या देखी जा रही है।

जाम की गंभीरता को देखते हुए यातायात विभाग ने शहर के निवासियों से अपील की है कि अगर कोई विशेष आवश्यकता न हो, तो वे सुबह 11 बजे तक घर से बाहर न निकलें। तब तक ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद है और जाम से भी राहत मिल सकती है।

मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि आने वाले कुछ दिनों तक लगातार बारिश जारी रह सकती है। जिससे कई इलाकों में जलभराव और ठंड का असर महसूस किया जा सकता है। गुरुवार के दिन भी अधिकांश क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है।

**कार-ट्रक की...**

भोला पुत्र महेंद्रपाल निवासी गोंडा, थाना गोंडा जनपद अलीगढ़, (30 वर्षीय) जुगल पुत्र ललित कुमार निवासी गोंडा, थाना गोंडा जनपद अलीगढ़, (36 वर्षीय) राहुल पुत्र मुनीम शर्मा निवासी गोंडा, थाना गोंडा जनपद अलीगढ़। घायलों में मनोज पुत्र रामजीलाल निवासी गोंडा, थाना गोंडा जनपद अलीगढ़, राजू पुत्र अज्ञात निवासी खैर, थाना खैर, अलीगढ़ शामिल हैं।

**विदेशी साइबर ठगों...**

उम्र 37 वर्ष है। 2001 के करीब लासा से भागकर 50-69 लोगो के ग्रुप मे नेपाल के ढुकला में आया। वह नेपाल के काठमांडू में 3 महीने तक रिफ्यूजी सेंटर में रहा। नेपाल से वह हिमाचल के धर्मशाला आ गया। वहां उसने तिब्बती शरणार्थी के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि प्राप्त की, तथा बौद्ध धर्म द्वारा संचालित स्कूल में कुछ वर्ष पढ़ाई भी की। इसके पश्चात वह अपने दोस्तों के साथ कुछ समय काठमांडू में रहा। उसके पश्चात वह दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल में रहने लगा। वहां पर उसने फर्जी भारतीय नाम चंद्र ठाकुर के नाम से कूट रचित वोटर आई कार्ड, आधार कार्ड बनवाया। इसके पश्चात कोलकाता में पासपोर्ट ऑफिस के पास स्थित किसी दलाल के माध्यम से फर्जी हाई स्कूल की मार्कशीट आदि बनवाकर कोलकाता के फर्जी पत्ते पर भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने इस दौरान कई देशों की यात्रा की। इसकी मुलाकात नेपाल के काठमांडू में कई चीनी नागरिकों से हुई जो भारतीय नागरिकों से साइबर ठगी करते हैं। इसने उनसे सौदा तय किया तथा भारतीय लोगों के बैंक खाता उपलब्ध करवाने का अवैध कारोबार करने लगा।

आरोपी ने बताया कि आरोपी वहां से दिल्ली के मजनू टीला आ गया। और कई अन्य तिब्बती नागरिकों के साथ मिलकर भारतीय नागरिकों के बैंक खाता लेकर चीनियों को उपलब्ध कराने लगा। इसी क्रम में दिसंबर 2021 में थाना गुरु तेग बहादुर नगर एनक्लेव पुलिस द्वारा इसकी गिरफ्तार की गयी। यह करीब 9 माह तक जेल में रहा। जेल से छूटने के बाद इसने पुन: साइबर फ्रॉड के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि इसके पास से बरामद मोबाइल फोन से कई लोगों के बैंक खाता उपलब्ध कराने और श्रीलंका कंबोडिया में बैठकर साइबर अपराध करने वाले चीनी नागरिकों के बारे में अहम जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दीपेंद्र निराला को छोड़ दिया गया।

**निजी अस्पतालों के...**

संजीवनी (अब फेलिक्स) हॉस्पिटल, रोशन हॉस्पिटल, अक्षरा हॉस्पिटल, आइवरी हॉस्पिटल, कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल, प्रोम्हेक्स हॉस्पिटल, सहदेव हॉस्पिटल, प्रकाश हॉस्पिटल, के वी हेल्थ केयर प्रमुख हैं। इनमें से कुछ अस्पतालों ने नोटिस के जवाब में सफेद झूठ बोलते हुए बेसमेंट में ओपीडी आदि गतिविधियां चलाने से साफ इंकार किया है जबकि प्राधिकरण ने नोटिस में लिखा है कि उसके मोबाइल स्क्वायड को वहां ओपीडी चलते पायी गई थीं। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार अब फिर से मोबाइल स्क्वायड से छापा मारकर ऐसे अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि शेष अस्पतालों ने प्राधिकरण के नोटिस का जवाब देने की भी आवश्यकता नहीं समझी। ऐसे में लोगों का कहना है कि ऊंची रसूख रखने वाले निजी अस्पतालों के आगे प्राधिकरण ने घुटने टेक दिए हैं।

**प्राधिकरण ने किया...**

क्योंकि इन दिनों विभिन्न बीमारियां पांव पसारती हैं। उन्होंने कहा कि हर हफ्ते यह अभियान चलना चाहिए।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **क्र. सं.-1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 16-2024-कालोनी, कार्य का नाम-** "गोरखपुर-आरपीएफ प्रशिक्षण केन्द्र में सभागार के प्रस्तावित जीर्णोद्धार एवं सुधार" से संबंधित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 28,02,257.00, **बयाने की राशि (₹ में) :** ₹ 56,100.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य :** ₹ शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से-** 06 माह। **क्र. सं.-2, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 17-2024-कालोनी, कार्य का नाम- (अ)** "गोरखपुर-वरुणा विश्राम गृह का प्रस्तावित जीर्णोद्धार" से संबंधित विद्युतीय कार्य, **(ब)** "केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष में प्रस्तावित जीर्णोद्धार/सुधार कार्य से संबंधित विद्युतीय कार्य और **(सी)** "गोरखपुर-डेयरी कॉलोनी स्थित बंगला संख्या-107/ए, बी में परिवर्तन/बदलाव द्वारा प्रस्तावित ग्रुप-डी विश्राम गृह योजना" से संबंधित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 40,28,130.18, **बयाने की राशि (₹ में) :** ₹ 80,600.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य :** ₹ शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से-** 09 माह। **नोट:** • ऑनलाइन-ई निविदा जमा करने की तिथि **01.10.2024** समय **15.00 बजे** तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/
मुजाधि/विद्युत-126 गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com








## उत्तर मध्य रेलवे

सं.-टेली/अरूण नागर/SF-5/ इनक्वारी/2024 दिनांक 06.09.2024

**"गैर हाजरी सूचना"**

"आप अपनी ड्यूटी से दिनाकं 11.10.2023 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे है अतः आपको इस नोटिस के पब्लिश होने के 10 दिनों के अन्दर एस.एस.ई./टेली/पश्चिम/अलीगढ़ के कार्यालय में रिपोर्ट करे अन्यथा यह माना जाएगा कि आप रेल सेवा करने के इच्छुक नहीं है और रेल प्रशासन आपके प्रति एक तरफा निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है।"

**कर्मचारी का विवरण**

श्री अरूण नागर पुत्र श्री देवेन्द्र नागर
पदनाम-**असिस्टेंट / सिंग / मारीपत**
**पता - सभापुर गुजरान गली न.- 4, नई दिल्ली, पिन कोड नं.- 110094**

इकबाल अहमद
(जाँच अधिकारी)
एम.एस.ई/टेली/वेस्ट/अलीगढ़
1601/24(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## खास खबर

### भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजारी में करेगा 5 करोड़ नौकरियां

**नई दिल्ली।** भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना बिक्री के आंकड़े को पार कर लेगा और 5 करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उम्मीद जाहिर की हैं कि भारत भविष्य में दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना तक पहुंचेगा है और इस ईवी बाजार से पांच करोड़ नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि भारतीय ईवी बाजार की क्षमता 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।

### 45 फीसदी बढी क्रिप्टो करेंसी की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टोकरंसी की धोखाधड़ी बढ़ती ही जा रही है। 2023 की तुलना में 2024 में 45 फीसदी धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ गई हैं। भारत में क्रिप्टो धोखाधड़ी के 840 मामले दर्ज किए गए हैं। दुनिया के पांच देशों में हुई धोखाधड़ी में भारत का नाम भी शामिल है। भारतीय निवेशकों को क्रिप्टो की धोखाधड़ी से 370 करोड रुपए का नुकसान हुआ है। बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के बाद से क्रिप्टो करंसी का लेनदेन बड़ी तेजी के साथ भारत में बढा है। 2022 के बाद से क्रिप्टोकरंसी का कारोबार कम हो गया है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड (कच्चे तेल) की कीमतों में गिरावट आई है। दिसंबर 2021 के बाद पहली बार ब्रेंट फ्यूचर 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आया है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव आया है। असम, कर्नाटक और केरल में पेट्रोल सस्ता हुआ है, जबकि एमपी, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में कीमतें बढ़ी हैं। वहीं गाजियाबाद में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

### दो निजी बैंकों पर लगा करोड़ों का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऐलान किया है कि उसने दो निजी बैंकों, एक्सिस बैंक लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड पर कई नियामक निर्देशों का पालन न करने पर जुमार्ना ठोका है। आरबीआई ने इसी साल तीन सितंबर को एक्सिस बैंक पर 1.91 करोड़ और एचडीएफसी बैंक पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई बैंकों द्वारा नियामक नियमों का पालन न करने की वजह से की गई है। ऐक्सिस बैंक पर 1.91 करोड़ का जुर्माना आरबीआई की जांच के बाद लगाया। यह जांच 31 मार्च 2023 तक की बैंक की वित्तीय स्थिति के आधार पर की गई थी। इस दौरान बैंक द्वारा बैंकिंग नियमों के कई उल्लंघन पाए गए, जिसके चलते यह जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई के मुताबिक बैंक ने ऐसे खाताधारकों के लिए बचत खाते खोले जो इसके योग्य नहीं थे।

# चार्जिंग स्टेशन को बढ़ावा देने 2,000 करोड़ के निवेश की योजना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि मोदी सरकार ई-मोबिलिटी की निरंतर वृद्धि में सहयोग के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को एकीकृत करने पर ध्यान देने के साथ एक मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के सम्मेलन में कहा, ह्यहमारा मंत्रालय चार्जिंग आधारभूत ढांचे पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इससे ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में निरंतर वृद्धि बनी रहेगी। इतना ही नहीं हम इस आधारभूत ढांचे को नवीकरणीय ऊर्जा के संसाधनों से अनिवार्य रूप से एकीकृत करने के लिए सचेत हैं ताकि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से अधिकतम पर्यावरणीय फायदे हासिल हो सके। उन्होंने उद्योग से आग्रह किया कि विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ भारत के चिरस्थायी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध प्रयास और सहयोग करें। मोदी सरकार बहुप्रतीक्षित फेम-तीन योजना के तहत चार्जिंग आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारी उद्योग मंत्रालय देशभर में चार्जिंग स्टेशन को बढ़ावा देने के लिए 2,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रहा है। फेम के शुरूआती चरणों में चार्जिंग आधारभूत ढांचे पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया गया। मोदी सरकार ने फेम-1 में 520 चार्जिंग स्टेशन को मंजूरी दी थी। भारी उद्योग मंत्रालय के 2021 के बयान के अनुसार इसमें 452 स्थापित हुए थे। मंत्रालय ने 3 तेल विपणन कंपनियों को 7,432 इलेक्ट्रिक व्हीकल पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित के लिए 800 करोड़ रुपये दिए थे।

# केबीसी में मुकुंद मोरे ने अपनी पहली फसल भेंट की



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर महाराष्ट्र के धाराशिव के 50 वर्षीय किसान मुकुंद नारायण मोरे शामिल होंगे, जो खेती को आधुनिक बनाने की इच्छा रखते हैं। हॉटसीट पर पहुंचने पर, मुकुंद नारायण मोरे अमिताभ बच्चन को एक उपहार देकर अपना आभार व्यक्त करेंगे। यह उपहार उनकी पहली फसल की 'पोटली' होगी, जिसे अमिताभ बच्चन को देते हुए वह कहते हैं, सबसे पहले हम जो किसान हैं, अपने बीज अपने भगवान को अर्पित करते हैं और मेरे लिए आप भगवान के समान हैं।भावुक बच्चन कहते हैं, कितनी बातें सीखने को मिलती है आपसे, साधारण होता है किसान लेकिन उसका दिल बहुत बड़ा होता है।

# जियो स्टूडियोज का फ्रेंचाइज फिल्मों पर बड़ा दांव

एजेंसी



**मुंबई।** स्त्री 2 की जबरदस्त सफलता बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, जिससे यह आसानी से भारत की सबसे बड़ी हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइज बन गई है, जियो स्टूडियोज इस साल दो और बहुप्रतीक्षित फ्रैंचाइज फिल्मों के साथ सिनेमाई अनुभव को बढ़ाने के लिए तैयार है। स्त्री 2 को लेकर दर्शकों में अभी भी उत्साह है, इस स्टूडियो की आगामी रिलीज दर्शकों को लुभाने और टिकट बिक्री को बढ़ाने का वादा करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि साल का अंत शानदार तरीके से होगा। जियो स्टूडियोज की आगामी रिलीज में सबसे पहले अरदास सरबत दे भले दी है, जो प्रशंसित अरदास सीरीज की तीसरी किस्त है और दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहें है। यह फिल्म से पंजाबी फिल्मों में जियो स्टूडियोज की शुरूआत है । एक बेहतरीन कहानी के साथ गिप्पी ग्रेवाल, जैस्मीन भसीन, गुरप्रीत घुग्गी और अन्य कलाकारोंके, लोगों के दिल को छू लेने वाले अभिनय के साथ यह किस्त दर्शकों को भावुक और प्रेरित करने की फ्रैंचाइज की परंपरा को जारी रखने के लिए तैयार है। प्रशंसक एक ऐसी यात्रा की उम्मीद कर सकते हैं जो न केवल उल्झे सवालों के जवाब देगी बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक मुद्दों की सार्थक खोज भी पेश करेगी। अरदास सीक्वल के ठीक बाद रोहित शेट्टी की, अजय देवगन अभिनीत सिंघम अगेन है, जो एक्शन से भरपूर सिंघम सीरीज की तीसरी एंट्री है। अपने रोमांचक एक्शन सीक्वेंस और आकर्षक कहानियों के लिए जानी जाने वाली सिंघम फि ल्में हाई-ऑक्टेन मनोरंजन का मुख्य आधार बन गई हैं। यह नवीनतम किस्त इस दिवाली फिल्म देखने वालों के लिए निश्चित रूप से एक ट्रीट होगी। इन रोमांचक रिलीज के अलावा, स्टूडियो के पास सन ऑफ सरदार 2 भी है जो वर्तमान में फ्लोर पर जाने की संभावना है।

# साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू है : अमित शाह



**रांची / झारखण्ड :** पहले स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि, बीते 9 वर्षों में विचार से इनिशिएटिव और इनिशिएटिव से इंस्टिट्यूशन में बदल चुका आज देश की साइबर सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस मौके पर शाह ने के चार प्रमुख प्लेटफॉर्म्स सस्पेक्ट रजिस्ट्री, साइबर कमांडो, साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर और को-ऑर्डिनेशन प्लेटफार्म का शुभारंभ भी किया, जो साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साल 2015 में सेफ साइबर स्पेस अभियान के तहत की स्थापना हुई थी। साल 2019 में गृह मंत्री बनने के बाद अमित शाह की अगुआई में साइबर सुरक्षित भारत का मजबूत स्तंभ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सर्वविदित है कि टेक्नोलॉजी इस दुनिया के लिए वरदान है तो अभिशाप भी है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग से आज देश ही नहीं दुनिया भर में कई खतरे पैदा हो रहे हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी है। ग्लोबल विलेज के इस दौर में यह भी तय है कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती।

### भारत से आईफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत से आईफोन का निर्यात वित्त वर्ष 2025 के शुरूआती पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में 5 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, जो पिछले साल सामाना अवधि में 3.2 अरब डॉलर था। इस वर्ष आईफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इसकी जानकारी अमेरिकी मोबाइल कंपनी एप्पल के वेंडर द्वारा मोदी सरकार को दी गई है। एप्पल ने भारत में आईफोन 16 और आईफोन 16 मैक्स के निर्माण का निर्णय लिया है, जिससे देश से उसके निर्यात में और अधिक वृद्धि की संभावना है। एप्पल के आंकड़ों के अनुसार, इस साल के शुरूआती पांच महीनों का निर्यात वित्त वर्ष 2022 के कुल निर्यात के बराबर है, जो भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ती क्षमता को दशार्ता है।

# मॉनसून दौरान सतर्क रहें डॉक्टर : डॉ. शैलेश चंद्रा

एजेंसी



**रांची।** मॉनसून का मौसम जलती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन साथ ही कई तरह के इन्फ्लूएंजा को बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल भी दे देता है। इस मौसम में फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं, क्योंकि नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव से फ्लू का कारण बनने वाले वायरस के संक्रमण को बढ़ावा मिलता है। बच्चों में फ्लू के कारण न्यूमोनिया जैसी गंभीर परेशानियां होने का खतरा रहता है। साथ ही अगर बच्चे को अस्थमा हो, तो स्थिति बिगड़ने की आशंका रहती है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) का कहना है कि इन्फ्लूएंजा का प्राथमिक टीका लगने के बाद 6 महीने से 5 साल की उम्र तक के बच्चों को हर साल फ्लू से बचाव का टीका लगवाना चाहिए, जिससे संक्रमण की जटिलता से बचा जा सके। टीकाकरण फ्लू होने के बाद स्थिति गंभीर होने से भी बचाता है।रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, रांची के कंसल्टेंट डॉ. शैलेश चंद्रा ने मॉनसून के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए सतर्कता के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ह्यहाल के महीनों में मैंने बच्चों में फ्लू संक्रमण के मामलों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी है। मॉनसून में आमतौर पर ऐसा होता ही है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों और अस्थमा, किडनी की बीमारी या दिल की बीमारियों से जूझ रहे वयस्कों में फ्लू के कारण स्थिति ज्यादा जटिल होने और अस्पताल में भर्ती होने की आशंका ज्यादा रहती है। इसलिए मैं सभी माता-पिता को यह सुझाव देना चाहता हूं कि फ्लू से बचाव का टीका लगवाएं। वार्षिक तौर पर लगने वाला 4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन फ्लू के संक्रमण के कारण होने वाली गंभीर परेशानियों से बचा सकता है। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए सभी माता-पिता को अपने डॉक्टरों से परामर्श करना चाहिए।

# अर्केड डेवलपर्स लिमिटेड की सार्वजनिक पेशकश खुलेगी 16 को

एजेंसी



**मुंबई।** चुनिंदा माइक्रो मार्केट में आपूर्ति के मामले में शीर्ष 10 डेवलपर्स में से एक, और एमएमआर, महाराष्ट्र में एक स्थापित डेवलपर अर्केड डेवलपर्स लिमिटेड (कंपनी) (स्त्रोतः एनारॉक रिपोर्ट), सोमवार, 16 सितंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (इश्यू) खोलने का प्रस्ताव करती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/इश्यू खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 और बोली/इश्यू बंद होने की तारीख गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 को होगी। इश्यू का मूल्य बैंड 121 प्रति इक्विटी शेयर से लेकर 128 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 110 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 110 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। इस निर्गम में 4,100.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है (नया निर्गम)। कंपनी ने निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग विकास व्यय के वित्तपोषण तथा रियल एस्टेट परियोजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए अभी तक चिन्हित नहीं की गई भूमि के अधिग्रहण के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव किया है। यह इश्यू प्रतिभूति संपर्क (विनियमन) नियम, 1957 (एससीआरआर) के नियम 19(2)(बी) के अनुसार, सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के साथ पढ़ा जा रहा है। यह इश्यू सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से बनाया जा रहा है, जिसमें इश्यू का 50% से अधिक हिस्सा आनुपातिक आधार पर अर्हता प्राप्त संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) (ऐसे हिस्से को क्यूआईबी हिस्सा कहा जाता है) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से सेबी आईसीडीआर विनियमनों (एंकर निवेशक हिस्सा) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर क्यूआईबी हिस्से का 60% तक एंकर निवेशकों को आवंटित कर सकती है, जिसमें से एक तिहाई केवल घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा।

# अंबानी इनरवियर इंडस्ट्री में रखेंगे कदम, इजराइली कंपनी से की साझेदारी




एजेंसी

**नई दिल्ली।** मशहूर कारोबारी मुकेश अंबानी खिलौने, कपड़े और चॉकलेट जैसे व्यापार के बाद अब इनरवियर इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं। इसके लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इजराइल की इनरवियर निर्माण करने वाली कंपनी डेल्टा गैलिल के साथ साझेदारी की है। इस जॉइंट वेंचर से रिलायंस, जॉकी, स्पीडो और लेविस जैसे प्रमुख ब्रांडों को टक्कर देगी। रिलायंस और डेल्टा गैलिल का यह जॉइंट वेंचर मौजूदा रिलायंस ब्रांडों के लिए इनरवियर तैयार करेगा और साथ ही डेल्टा गैलिल के प्रमुख ब्रांड जैसे सेवन फॉर ऑल मनकिंड और नेसेसिटिज को भारतीय बाजार में पेश करेगा। डेल्टा गैलिल पहले से ही कई बड़े अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स जैसे केल्विन क्लेन, टॉमी हिलफिगर, और कोलंबिया के लिए इनरवियर उत्पाद बनाती है और हाल ही में एडिडास और पोलो राल्फ लॉरेन के साथ भी साझेदारी की है। कुछ सालों में रिलायंस रिटेल ने केलोविया, जिवामा और अमानते जैसे ब्रांडों का अधिग्रहण किया है। ये ब्रांड्स 2023-2024 के वित्त वर्ष में 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की बिक्री कर चुके हैं।

# टेकबुक भारत के पढ़ाई में बदलाव लाने के लिए तैयार




**रांची।** भारत की सबसे बड़ी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने आज टेकबुक लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे पारंपरिक पाठ्यपुस्तक-आधारित शिक्षा में आमूल बदलाव लाने के लिए तैयार किया गया इंटेलीजेंट बुक है। टेकबुक आज स्कूली छात्रों की पठन-पाठन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए तीन अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और एनसीएफ के अनुकूल पाठ्यक्रम लेकर आया है। लीड ग्रुप के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, सुमीत मेहता ने कहा, 'सदियों से, पाठ्यपुस्तकों की कक्षा में पढ़ाई के लिहाज से महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जबकि एआई और एआर/वीआर ने दुनिया भर में उद्योगों में व्यक्तिगत जरूरत के अनुरूप मल्टी-मॉडल और गेमीफाइड अनुभवों की ओर बढ़ने में मदद की है। हमें उम्मीद है कि 2028 तक भारत के शीर्ष 5000 स्कूल टेकबुक को अपना लेंगे, जिससे देश भर की कक्षाओं में व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप संवादपरक पठन-पाठन आम बात बन जाएगी।सुमीत ने कहा, 'पहले साल में, टेकबुक देश के शीर्ष 400 इनोवेटर स्कूलों के लिए 'केवल आमंत्रण' पर उपलब्ध होंगे। हम पठन-पाठन में एक नया मानक स्थापित करना चाहते हैं और दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि भारत स्कूलों में एआई और टेक्नोलॉजी को छात्रों को केंद्र में रखते हुए शिक्षकों की सहायता करने के मामले में आगे है।लीड ग्रुप की सह-संस्थापक और सह-मुख्य कार्यकारी, स्मिता देवरा ने कहा, 'पाठ्यपुस्तक को हाथ में लेकर-छूकर देखने के अनुभव को टेक्नोलॉजी की ताकत और गहन शोध वाली शैक्षणिक सामग्री के साथ जोड़कर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं । कि हर छात्र को उच्च-गुणवत्ता, व्यक्तिगत शिक्षा तक पहुंच मिले जो वास्तव में उनकी शैक्षणिक यात्रा को आगे बढ़ाएगा।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर आइसक्रीम बिजनेस बेचेगी! कई कंपनियां खरीदने को तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर ने आइसक्रीम व्यापार के पुनर्गठन की संभावनाओं का आकलन करने स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति गठित की है। कंपनी इस आइसक्रीन व्यापार को बेचने पर विचार कर सकती है। कई कंपनियों ने इसे खरीदने में दिलचस्पी भी दिखाई है। हिंदुस्तान यूनिलीवर के पोर्टफोलियो में क्वालिटी वॉल्स, कॉनेटो और मैग्नम जैसे ब्रांड्स शामिल हैं। आरजे कॉर्प पहले से क्रीम बेल आइसक्रीम बेचती है, जो भारत के आइसक्रीम ब्रांडों में शुमार है। इसके पास 25 राज्यों में मैजूदा और 11 हजार पुश कार्ट हैं। वहीं एमएमजी ग्रुप जो उत्तर और पूर्वी भारत में मैकडॉनल्ड्स चलाता है और कोका-कोला के लिए फ्रैंचाइजी बॉटलर है। इसका आइसक्रीम और फ्रोजन डेसर्ट में बैक-एंड तालमेल है। नेस्ले इंडिया ने पिछले दशक में ग्लोबल आइसक्रीम ब्रांड मोवेनपिक को बेचा था। कंपनी नेस्ले की भारतीय यूनिट भी इसे खरीदने में दिलचस्पी दिख रही है। हिंदुस्तान यूनिलीवर के आइसक्रीम व्यापार में प्रमुख ब्रांड्स जैसे क्वालिटी वॉल्स, कॉनेटो और मैग्नम शामिल हैं। कंपनी की सालाना 60 हजार करोड़ की बिक्री में आइसक्रीम बिजनेस की हिस्सेदारी करीब तीन फीसदी है।

# वेस्टर्न कैरियर्स इंडिया लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा कल



**मुंबई।** वेस्टर्न कैरियर्स (इंडिया) लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 को खुलेगा। इस ऑफर में 400 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू और राजेंद्र सेठिया द्वारा कुल 54 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। एंकर निवेशक गुरुवार, 12 सितंबर, 2024 को पैसा लगा सकेंगे। आईपीओ बुधवार, 18 सितंबर, 2024 को बंद हो जाएगा। आईपीओ में शेयरों का भाव 163 से 172 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 87 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 87 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। फ्रेश इश्यू से शुद्ध आय में से 163.5 करोड़ रुपये तक का उपयोग कुछ बकाया उधारों के एक हिस्से के पूर्व भुगतान या निर्धारित पुनर्भुगतान के लिए करने का कंपनी का प्रस्ताव है। इसके अलावा, 151.7 करोड़ रुपये तक का उपयोग पूंजीगत खर्च जरूरतों - वाणिज्यिक वाहनों, 40 फीट विशेष कंटेनरों और 20 फीट सामान्य शिपिंग कंटेनरों और रीच स्टेकरों की खरीद के लिए तथा शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए खर्च की जाएगी। इक्विटी शेयरों का ऑफर 7 सितंबर, 2024 को कंपनी के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, पश्चिम बंगाल, कोलकाता, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के पास दायर किए गए कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से किया जा रहा है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, नामित स्टॉक एक्सचेंज एनएसई होगा। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### अंतरराष्ट्रीय अभियान से निवेशकों ही नहीं लोगों का भी मिल रहा समर्थन

# राइजिंग राजस्थान में जापान-कोरिया के निवेशकों ने दिखाई रुचि

एजेंसी



**टोक्यो।** राजस्थान के खास प्रोजेक्ट राइजिंग राजस्थान का दूसरा चरण बड़े उत्साह के साथ शुरू हो गया है। इसका उद्देश्य राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश लाना और इसे एक सशक्त आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस बार टोक्यो में आयोजित जापान इन्वेस्टर मीट (रोड शो) के मंच से राजस्थान की समृद्ध संभावनाओं का परिचय दिया गया। जापानी व्यापारियों ने इसमें उत्साह दिखाया और इसकी सराहना भी की। उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव, आईएएस अजिताभ शर्मा ने बताया कि इस रोड शो का मुख्य उद्देश्य जापानी निवेशकों को राजस्थान की आर्थिक क्षमताओं और विकास से रूबरू कराना था। जापान से मिली प्रतिक्रिया न केवल प्रेरणादायक थी, बल्कि असाधारण भी। जापानी निवेशकों ने राजस्थान के उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर, और व्यवसाय के प्रति रुचि दिखाई जो भविष्य में राज्य के विकास के लिए एक मजबूत नींव साबित होगी। इस आयोजन की सफलता पर राज्य के प्रतिनिधि और अधिकारी गर्व महसूस कर रहे हैं, जो इस पहल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल बनाने में जुटे हैं। राइजिंग राजस्थान के सियोल और टोक्यो में हुए रोड शो को लेकर सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक यूजर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा लिखा कड़ी मेहनत बेकार नहीं जाएगी और वही भविष्य में लाभांश तय करेगी। इस प्रयास की दीर्घकालिक सफलता में विश्वास जताया है। एक अन्य ने मजेदार तरीके से लिखा, सुपर से बी ऊपर। जब इतनी कड़ी मेहनत होगी तो एक्स्ट्रा से बी एक्स्ट्रा रिस्पॉन्स मिलेगा ही ना। उनकी यह टिप्पणी रोड शो के संभावित परिणामों की सराहना और प्रशंसा में कही गई है। राइजिंग राजस्थान के इस अंतरराष्ट्रीय अभियान को न केवल निवेशकों बल्कि आम लोगों का भी सकारात्मक समर्थन मिल रहा है।

**खास खबर**

### नेशंस लीग में फ्रांस ने बेल्जियम को हराया

**जिनेवा** । रैंडल कोलो मुआनी और ओस्मान डेम्बेले के गोलों से फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बेल्जियम को 2-0 से हरा दिया। फ्रांस की टीम अपने पिछले मैच में इटली से 3-1 से हार गयी थी पर बेल्जियम के खिलाफ जीत से वह टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ में बनी हुई है। वहीं इटली की टीम ने इजराइल के 2-1 से हराया और वह चार टीमों के ग्रुप में शीर्ष पर बरकरार है। वहीं एक अन्य मैच में नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया को 2-1 से हरा दिया। नॉर्वे की इस मैच में जीत में अलिंग की अहम भूमिका रही। अलिंग ने 80वें मिनट में कर टीम को बढ़त दिलायी जो अंत तक कायम रही। इसके अलावा बेंजामिन सेस्को के गोल से स्लोवेनिया ने कजाकिस्तान को 3-0 से हरा दिया।

### रॉडिक पर हमेशा भारी पड़े फेडडर

**लास एंजिल्स** । स्विटजरलैंड के टेनिस स्टार रोजर फेडरर विश्व के एक महान खिलाड़ी हैं। फेडरर के नाम कई ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। आप से कई साल पहले अमेरिकी ओपन के फाइनल में एंडी रॉडिक के साथ उनका मुकाबला बेहद अहम रहा है। इसी के साथ ही फेडरर ने 9वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। यह मुकाबला फेडरर ने 6-2, 4-6, 7-5, 6-1 से जीत कर इतिहास रचा था। वहीं रॉडिक एक बार फिर खिताब के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पाये। इस मैच में फेडडर और रॉडिक ने पूरी ताकत लगा दी पर फेडरर के सामने अब वह नहीं टिक पाये। फेडरर और रॉडिक के बीच स्वाभाविक अंतर था। रॉडिक इस हार से एक बार फिर फेडरर के बराबर आने से रह गये। मैच के दौरान रॉडिक खुद को प्रेरित करते दिखे पर उनके प्रयास जीत नहीं दिला पाये। तीन साल बाद, 2009 में, इन दोनों के बीच विंबलडन का फाइनल भी रोमांचक इसमें चार घंटे से भी ज्यादा समय तक खेल हुआ।

### काउंटी क्रिकेट में चमके शाकिब

**लंदन** । भारत के साथ होने वाली टेस्ट सीरीज से ठीक पहले बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने शानदार गेंदबाजी कर दिखाया है कि आगामी सीरीज में उनकी गेंदों को खेलना मेजबानों के लिए आसान नहीं रहेगा। बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान में खेली गई टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप कर दिखाया है कि अब वह पहले से ही बेहतर हो गयी है और विदेशी धरती पर भी जीत सकती है। इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। 19 सितंबर से दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होगी। इससे पहले जहां भारतीय टीम के खिलाड़ी दिलीप ट्रॉफी में खेल रहे हैं। वहीं शाकिब काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। शाकिब काउंटी में सर्रे की ओर से सोमरसेट के खिलाफ मुकाबले में उतरे। उन्होंने इस दौरान अपनी टीम की ओर से पहली पारी में सबसे ज्यादा विकेट लिए। 33.5 ओवर में शाकिब ने 97 रन देकर 4 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा।

### यूएस ओपन से बाहर हुए अल्काराज

**मैड्रिड।** कार्लोस अल्काराज का कहना है कि वे फिट हैं और सप्ताह के अंत में डेविस कप टेनिस के ग्रुप चरण में स्पेन का नेतृत्व करने को तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेन का सामना कठिन ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य और फ्रांस से होगा, इनके मैच वालेंसिया में खेले जाएंगे। प्रेसवार्ता में अल्काराज से यूएस ओपन में दूसरे दौर में निराशाजनक हार के बाद उनकी फिटनेस के बारे में पूछा गया, इससे पहले फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उनकी जीत हुई और अगस्त में ओलंपिक रजत पदक मिला। अल्काराज ने स्वीकार किया कि, न्यूयॉर्क में, वह उस स्तर पर खेलने में कामयाब नहीं हुए जो उन्हें पसंद था, लेकिन उन्होंने कहा, उस स्तर पर प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल है जो आप हर दिन चाहते हैं, और आपको करना होगा चीजें जैसी भी आएं उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहें।

# भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराया

- राजकुमार ने तीन व अराईजीत ने दो गोल किये



**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी**

एजेंसी

**बीजिंग** । राज कुमार पाल के तीन और अराईजीत सिंह हुंडल के दो गोलों की सहायता से भारतीय टीम ने बुधवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम ने इस प्रकार इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। पहले मुकाबले उसने पहले मुकाबले में मेजबान चीन जबकि दूसरे में जापान को हराया था। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीसरी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए मैच में राज कुमार पाल ने तीसरे, 25वें और 33वें मिनट में गोल की हैट्रिक लगायी जबकि अराईजीत सिंह हुंडल ने छठे और 39वें मिनट में दो गोल दागे। इसके अलावा जुगराज सिंह ने सातवें, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 22वें और उत्तम सिंह ने 40वें मिनट में एक एक गोल किये। वहीं मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल अखिमुल्लाह अनुवर ने 34वें मिनट में एक गोल किया। भारतीय टीम के अब तीन जीत से नौ अंक हो गये हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक पर है।

चीन में खेला जा रहा छह टीम का ये टूनार्मेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी जबकि 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। पहले मैच में भारतीय टीम ने मेजबान चीन को 3-0 से जबकि जापान को 5-1 से हराया था। वहीं अब अपने तीसरे में टीम इंडिया ने मलेशिया को 8-1 से पीटा है।

## भारतीय टीम के लिए बहुत अच्छा विकल्प हो सकते हैं मुशीर: दाहिया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले मैच में शानदार शतक लगाने वाले मुशीर खान ने बेंगलुरु में भारत-ए बनाम भारत-बी दलीप ट्रॉफी मैच में दबाव में अपने स्वभाव से मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का ध्यान आकर्षित किया है। वहीं पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया ने कहा कि मुशीर को जो चीज अलग बनाती है, वह है उनकी मानसिकता, जो बहुत मजबूत है।

मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता, लेकिन अगर वह लगातार रन बनाते रहे, तो वह भारतीय टीम के लिए एक बहुत अच्छा विकल्प हो सकते हैं। दहिया ने कहा कि मुशीर बल्लेबाजी की सबसे खास बात उनकी निरंतरता है। उन्होंने पिछले सीजन में जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरूआत की। उन्होंने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल और फाइनल में रन बनाए और फिर 2024 में घरेलू क्रिकेट के पहले दिन शतक ठोका। दलीप ट्रॉफी में अपने पदार्पण मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए दाएं हाथ के बल्लेबाज मशीर ने दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद अपना धैर्य नहीं खोया और 181 रन बनाए जो उनका तीसरा प्रथम श्रेणी शतक था। उनकी मैराथन पारी ने भारत-बी को 94/7 के मुश्किल स्कोर से उबारा और 321 रन बनाने में सक्षम बनाया। जो निर्णायक कारक साबित हुआ और उन्होंने मैच 76 रनों से जीत लिया।

# पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया



**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी**

एजेंसी

**मोकी** । पाकिस्तान की हॉकी टीम ने चीन में जारी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में जापान को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ ही पाक टीम ने इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की है। इस जीत से अब पाक टीम पूल में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं पहले स्थान पर भारतीय टीम है। पाकिस्तान की ओर से पहला गोल अहमद नदीम ने 10वें मिनट में जबकि दूसरा गोल सुफियान खान ने 21वें मिनट में गोल किए। दूसरी ओर जापान की ओर से एकमात्र गोल मैच के 28वें मिनट में रायकी फुजीशिमा ने दागा। इस मैच में पाक टीम ने पहले ही पहले क्वार्टर में एक गोल से बढ़त ले ली। पाक ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। जापान पर दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान के स्ट्राइकरों ने शुरूआती मिनटों में ही लगातार हमले किये। छठे मिनट में जापान को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वह उसे गोल में बदल नहीं पाया। वहीं 10वें मिनट में अहमद नदीम ने एक मैदानी गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भी पाक टीम हावी रही। 21वें मिनट में सुफियान ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर अपनी टीम की बढ़त को 2-0 पहुंचा दिया। जापान ने भी इसके बाद बराबरी के प्रया शुरू कर दिये और 28वें मिनट में रायकी फुजीशिमा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम का खाता खोल दिया।

# चहल का काउंटी में शानदार प्रदर्शन



एजेंसी

**नॉर्थम्पटन** । पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में शानदार गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचा है। चहल ने इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप के डिवीजन दो मैच में नॉर्थम्पटनशर की ओर से खेलते हुए डर्बीशर के खिलाफ 45 रन देकर पांच विकेट लिए। ये तीसरी बार है जब चहल ने तीसरी बार फर्स्ट क्लास में पांच विकेट लिए हैं। इसी के साथ ही चहल ने फर्स्टक्लास क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे किए। चहल के लिए काउंटी क्रिकेट का यह सत्र काफी अच्छा रहा है। इस लेग स्पिनर ने पिछले महीने ही वन डे कप में केंट के खिलाफ 14 रन देकर पांच खिलाड़ियों को आउट किया था। नॉर्थम्पटनशर की जीत में चहल और रॉब केओघ की अहम भूमिका रही। केओघ ने 65 रन पर तीन विकेट लिए थे। इससे डर्बीशर की टीम 61.3 ओवर में 165 रन पर ही सिमट गयी। चहल की गेंदों का सामना करने में डर्बीशर के बल्लेबाजी असफल रहे। वेन मैडसेन को जिस तरह से चहल ने क्लीन बोल्ड किया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। वहीं भारत के ही युवा बलेबाज शॉ काउंटी में भी रन बनाने में असफल रहे हैं।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**रांची।** नगड़ा पंचायत और खान ब्रदर्श मांडर के संयुक्त तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के गोरे गांव में बुधवार को आयोजित फुटबॉल टूनामेंट-2024 के पहले दिन एनवाईसी कठचाचो की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। उसने लिली एफसी को ट्राईब्रेकर में 5-2 गोल से पराजित कर यह सफलता हासिल की। वहीं एनवाईसी कठचाचो ने ब्लैक डायमंड हेहल घुघरी को 3-0 और लिली एफसी ने पीएमपी परहेपाट को 1-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले टूनार्मेंट का उदघाटन मुखिया बहादुर उरांव और गोरे सदर हाजी अयूब खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को कीक कर किया। मौके पर दोनों ने खिलाड़ियों आयोजन समिति के सदस्यों का हैंसला बढ़ाया और कहा कि ऐसे छोटे से जगह पर ऐसा भव्य आयोजन कराना अच्छी पहल है। गुरुवार को उद्घाटन मैच द रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी और गुरुंग सौकर एफसी के बीच दिन के 10 बजे से होगा।

मैच के सफल संचालन में शैफ खान, बेलाल खान, रशीद खान, वाजिद खान, अफजल खान सहित गांव के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## रजत विजेता मनीष का भव्य स्वागत

**फरीदाबाद** । पेरिस पैरालंपिक खेलों में 10 मीटर पिस्टल निशानेबाजी में रजत पदक विजेता मनीष नरवाल का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। मनीष के पिता ने अपने बेटे की इस उपलबब्धि की प्रशंसा करते हुए उन्हें डिफेंडर कार उपहार में दी है। इस कार की कीमत तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपये है। मनीष जैसे ही अपने घर फरीदाबाद पहुंचे। लोगों ने उनका शानदार स्वागत किया। इस दौरान मनीष नरवाल ने कहा कि वह युवाओं को एक ही संदेश देना चाहते हैं कि बस किसी भी हाल में आपको हार नहीं माननी चाहिए। अगर कोई खिलाड़ी मेहनत और लगन से अपने खेल के प्रति एकाग्रता रखता है तो निश्चित ही वह सफल होगा।

# अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी रद्द

- ग्रेटर नोएडा स्टेडियम पर मंडराया निलंबर का खतरा



एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा** । यहां अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला एकमात्र टेस्ट मैच बारिश के कारण घुलता नजर आ रहा है। मैच 9 सितंबर से शुरू होना था जो दो दिन बाद भी शुरू नहीं हो पाया। इस प्रकार आउट फील्ड गीला होने की वजह से तीसरे दिन का खेल भी रद करना पड़ा। अब दो दिन बचे हैं और इसमें क्या होता है ये देखना होगा। अब मैच को लेकर रेफरी की रिपोर्ट पर ही सबकुछ आधारित रहेगा। अगर इस स्टेडियम को छह नकारात्मक अंक मिलते हैं तो उसके ऊपर एक साल के निंलबन का खतरा भी रहेगा। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड भारत में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक मात्र टेस्ट मैच की मेजबानी कर रहा है। इस मुकाबले को कराए जाने के लिए उसके सामने बीसीसीआई ने कानपुर, बैंगलोर और ग्रेटर नोएडा का भी विकल्प रखा था पर अफगानिस्तान (एसीबी) के अधिकारियों ने ही ग्रेटर नोएडा को मैच के लिए चुना था। अब मैच के दो दिन का खेल नहीं होने के बाद एसीबी बीसीसीआई पर आरोप लगा रहा है। एसीबी का कहना है कि अब से यहां दोबारा खेलने नहीं आयेंगे। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के इस मुकाबले में मैच रेफरी भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ हैं। ह्यपिच और आउटफील्ड रिपोर्ट फॉर्म में मैच रेफरी के साथ अंपायरों और दोनों टीमों के कप्तानों की टिप्पणियां भी शामिल रहती हैं। इस रिपोर्ट के 14 दिन के अंदर आईसीसी सीनियर क्रिकेट संचालक के प्रबंधक इसे मेजबान बोर्ड को भेजकर स्टेडियम पर लगाये गए नकारात्मक अंकों की जानकारी देते हैं। आईसीसी नियमों के अनुसार, ह्यह्य मैच रेफरी के पास अगर पिच और या आउटफील्ड को असंतोषजनक या अनफिट रेटिंग देने का कारण है, तो मेजबान स्थल पर पिचों की रेटिंग के दिशानिदेर्शों के अनुसार नकारात्मक अंक दिए जाते हैं। ये अंक पांच साल तक प्रभावी रहते है। ग्रेटर नोएडा स्टेडियम के नाम अगर छह या उससे अधिक नकारात्मक अंक हो जाते है तो उसे 12 महीने तक अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी नहीं मिलेगी। आईसीसी नियमों के अनुसार एक मैच के लिए अधिकतम तीन अंक दिये जा सकते हैं।

# विराट और धोनी के बराबर आए सैमसन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन मैदान से बाहर भी अपने पांव पसार रहे हैं। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाजअब केरल के फुटबॉल क्लब मलप्पुरम एफसी के को-ऑनर बन गए हैं। इस तरह वह विराट कोहली और एमएस धोनी की सूची में शामिल होकर उनके बराबर आ गए हैं। क्लब और संजू सैमसन ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी साझा की है। केरल फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुपर लीग केरल का उद्घाटन सत्र सात सितंबर को हुआ था, जिसमें संजू की टीम मलप्पुरम एफसी ने शुरूआती मैच में फोरा कोच्चि को 2-0 से हराया। टूनार्मेंट में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं जिनमें मलप्पुरम एफसी, फोर्का कोच्चि, कन्नूर वारियर्स, कालीकट एफसी, तिरुवनंतपुरम कोम्बन्स और त्रिशूर मैजिक शामिल हैं। लीग सात सितंबर से दस नवंबर तक चलेगी और मैच केरल के चार अलग अलग जगहों पर खेले जाएंगे।

विराट कोहली और एमएस धोनी के बाद फुटबॉल क्लब में हिस्सेदारी खरीदने वाले संजू सबसे कम उम्र के भारतीय क्रिकेटर हैं। कोहली इंडियन सुपर लीग क्लब एफसी गोवा के को-ऑनर हैं। वहीं धोनी चेन्नईयिन एफसी के सह-मालिक हैं। सैमसन के साथ बिस्मी ग्रुप के एमडी वी.ए. अजमल बिस्मी, डॉ. अनवर अमीन चेलट और बेबी नीलाम्बरा मलप्पुरम एफसी के सह-मालिक हैं। सैमसन मौजूदा समय में दलीप ट्रॉफी में खेल रहे हैं। बता दें सैमसन को आखिरी बार भारत के श्रीलंका दौरे पर देखा गया था, जहां उन्होंने तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली थी। वहां उनका प्रदर्शन खराब रहा था। वह लगातार दो बार जीरो पर आउट हो गए थे। अब देखना ये होगा कि बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए संजू सैसमन को चुना जाता है या नहीं। फिलहाल संजू फुटबॉल लीग में बिजी हैं।

# टाटा मोटर्स ने मनु को उपहार में दी इलेक्ट्रिक कार



एजेंसी

**मुम्बई** । टाटा मोटर्स ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर रिकार्ड बनाने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर को टाटा कर्वी इलेक्ट्रिक कार उपहार में दी है। टाटा कर्वी एक नई और आधुनिक इलेक्ट्रिक कार है। इसे टाटा मोटर्स ने पिछले महीने ही लॉन्च किया था। यह कार आधुनिक फीचर्स और आकर्षक डिजाइन वाली है। टाटा ईवी ने इस कार की विशेषता के बारे में अपनी एक पोस्ट में कहा, ओलंपिक में दोहरे पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट भारत की पहली एसयूवी को घर ले गईं। इस विश्व इवी दिवस पर मनु को कर्वी ईवी वितरित कर हमें खुशी हुई है। यह कार टाटा मोटर्स के पहले ईवी-ओनली स्टोर - टाटा.ईवी स्टोर से मनु को सौंपी गयी। इस अवसर पर उनके माता-पिता, राम किशन भाकर और सुमेधा भाकर, भी उपस्थित थे। मनु इस कार को लेकर पोज देती भी दिखीं। यह एसयूवी ग्रे रंग की है और इसकी खूबसूरती ने सभी का ध्यान खींच है। टाटा मोटर्स के अनुसार यह उपहार मनु भाकर की खेल उपलब्धियों का सम्मान है और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ते कदम को भी दिखाता है।

# यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों की घोषणा




एजेंसी

**फ्लोरिडा।** यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र की शुरूआत के उत्साह की बढ़ोतरी के साथ-साथ टीमों ने अपनी खिलाड़ी रिटेंशन रणनीतियों को अंतिम रूप दे दिया है। नवंबर में फ्लोरिडा के ब्रावर्ड काउंटी स्टेडियम में लीग के शुरू होने से पहले टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। अमेरिका और वैश्विक क्रिकेट के कुछ बड़े नामों की वापसी के साथ इस सत्र में रोमांचक क्रिकेट और शीर्ष स्तर के प्रदर्शन की उम्मीद है।

स्टार खिलाड़ियों का रिटेंशन इस बात को दशार्ता है कि टीमें अपने वर्तमान खिलाड़ियों में कितना भरोसा करती हैं। वे प्रतिष्ठित यूएसपीएल खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रही हैं। पांचों फ्रेंचाइजी–एनजे टाइटंस, न्यूयार्क काउबायज, मैरीलैंड मैवरिक्स, कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने अपनी कोर टीम को बनाए रखने के लिए रणनीतिक फैसले लिए हैं, जिससे आगामी सत्र के लिए निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित हो सके। एनजे टाइटंस ने छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें आलराउंडर हरमीत सिंह, विस्फोटक बल्लेबाज एंड्रीस गौस और अमेरिका के पूर्व कप्तान सौरभ नेत्रावल्कर भी शामिल हैं। ये खिलाड़ी पिछले सत्र में टीम के मजबूत प्रदर्शन के प्रमुख स्तंभ थे, और उनके रिटेंशन से यह स्पष्ट होता है कि टाइटंस अपनी इस लय को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

आक्रामक खेल के लिए प्रसिद्ध न्यूयार्क काउबायज ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जलाध दुआ, मुख्तार अहमद और तजिंदर सिंह ढिल्लों शामिल हैं। ये खिलाड़ी उस बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ हैं जिसने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था।

वहीं, मैरीलैंड मैवरिक्स ने अनुभवी आलराउंडर ड्वेन स्मिथ, अमेरिकी खिलाड़ी नास्थुश केनजिगे, उभरते सितारे साईतेजा मुक्कामल्ला और नील ब्रूम को रिटेन किया है। इससे वे अपने अनुभव और कौशल का लाभ उठाते हुए एक और मजबूत अभियान की उम्मीद कर रहे हैं।

कैरोलिना ईगल्स ने गजनंद सिंह, केसरिक विलियम्स और शयान जहांगीर सहित छह प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है। उनका यह निर्णय एक संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ता है। इसमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है।



लंदन में नेशंस लीग में इंग्लैंड के हैरी केन को 100 मैच खेलने के लिए गोल्डन कैप प्रदान की गयी।

# इस प्रदोष व्रत पर शिवलिंग पर चढ़ाएं ये चीजें दूर होंगी सभी परेशानियां, आएगी खुशहाली

**भोलेनाथ के साथ साथ पूरे शिव परिवार की कृपा पाने के लिए प्रदोष व्रत बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. प्रदोष व्रत करने से भक्तों को अनेकों लाभ होते हैं. मान्यता के अनुसार, प्रदोष व्रत के दिन अगर शिवलिंग पर कुछ विशेष चीजों को अर्पित किया जाए तो जीवन की बहुत सी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है.**

हर माह के कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। यह व्रत भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन भगवान शिव के साथ साथ समस्त शिव परिवार की पूजा अर्चना की जाती है और व्रत रखा जाता है। इस प्रकार प्रदोष व्रत भगवान शिव के साथ साथ सम्पूर्ण शिव परिवार की कृपा प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर होता है। प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल यानी संध्याकाल में करने का विधान है। प्रदोष व्रत की पूजा के दौरान शिवलिंग पर कुछ खास चीजों को अर्पित करना बेहद शुभ और लाभदायक माना जाता है। ऐसा करने से भोलेनाथ की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली आती है।



**प्रदोष व्रत तिथि और पूजा का शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 15 सितंबर की देर रात 1 बजकर 42 मिनट पर होगा और इसका समापन 16 सितंबर की देर रात 12 बजकर 19 मिनट पर होगा। प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल में की जाती है।

उदया तिथि के अनुसार, प्रदोष व्रत 15 सितंबर, दिन रविवार को रखा जाएगा। रविवार के दिन यह व्रत पड़ने के कारण ये प्रदोष व्रत, रवि प्रदोष व्रत होगा। रवि प्रदोष व्रत पर पूजा का शुभ समय संध्याकाल 6 बजकर 26 मिनट से लेकर रात के 8 बजकर 46 मिनट तक रहेगा।

**प्रदोष व्रत में शिवलिंग पर चढ़ाएं ये चीजें**

प्रदोष व्रत के दिन प्रदोष काल यानी संध्याकाल में सम्पूर्ण शिव परिवार की पूजा अर्चना करें और शिवलिंग पर जल, गन्ने का रस और गुड़ अर्पित करें। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में कभी भी धन की कोई कमी नहीं रहती है।

मनचाहे वर से विवाह के लिए प्रदोष व्रत के दिन पूजा के दौरान साधारण जल में गंगाजल मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक करें और मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए भोलेनाथ और मां पार्वती से प्रार्थना करें। मान्यता है कि ऐसा करने से मनचाहे वर से विवाह होता है और जल्द ही विवाह के योग भी बनते हैं।

इसके अलावा प्रदोष व्रत में पूजा के दौरान शिवलिंग पर गेहूं और चावल अर्पित करना भी बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से सुख और समृद्धि बढ़ते हैं।

कर्ज से छुटकारा पाने के लिए प्रदोष व्रत के दिन जल में चावल मिलाकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से कर्ज से छुटकारा मिलता है और धन प्राप्ति होती है।

प्रदोष व्रत के दिन पूजा के दौरान शिवलिंग पर लौंग चढ़ाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से रुके हुए काम पूरे होने लगते हैं।

# कब से शुरु हो रही शारदीय नवरात्रि जानें घटस्थापना का शुभ मुहूर्त उपाय और पूजा विधि

इस साल अक्टूबर में शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरु होकर 11 अक्टूबर 2024 के दिन समाप्त होगी और 12 अक्टूबर को विजयादशमी का त्योहार मनाया जाएगा। नवरात्रि के दौरान सुबह के समय घटस्थापना करना अत्यंत फलदायी और शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं घटस्थापना का महत्व।



शारदीय नवरात्रि, जिसे महानवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है। देवी दुर्गा की पूजा को समर्पित एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। यह आम तौर पर सितंबर के अंत से अक्टूबर की शुरुआत में नौ रातों तक चलता है। त्योहार की प्रत्येक रात विशिष्ट अनुष्ठानों, उपवास और भक्ति प्रथाओं के साथ, दुर्गा के नौ रूपों में से एक को समर्पित है। नवरात्रि के दौरान, भक्त विशेष प्रार्थनाओं, गरबा और डांडिया जैसे नृत्य और जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते हैं।

**कब से शारदीय नवरात्रि शुरु हैं?**

इस साल शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू होकर 11 अक्टूबर को नवमी के दिन समाप्त होगी। वहीं, 12 अक्टूबर को विजयादशमी का त्योहार मनाया जाएगा। पूजा का कोई भी सामान गायब होने पर मां दुर्गा नाराज हो जाएंगी; क्योंकि ये सामग्रियां घटस्थापना के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्रि के दौरान सुबह के समय घटस्थापना करना अत्यंत फलदायी और शुभ माना जाता है, लेकिन इस बार सुबह चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग के कारण सुबह के समय घटस्थापना नहीं की जाएगी। इसके बजाय आप 15 अक्टूबर को सुबह 11:44 बजे किया जाएगा क्योंकि इस शुभ दिन पर अभिजीत मुहूर्त पड़ा था। नवरात्रि के दौरान घट या घटस्थापना एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। घट एक पवित्र सेटअप या मंच को संदर्भित करता है जहां भक्त धार्मिक अनुष्ठान करते हैं और देवी दुर्गा की पूजा करते हैं।

**घटस्थापना का महत्व**

घाट दिव्य उपस्थिति का प्रतीक है और पूजा और उत्सव के लिए केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करता है। यह देवी के आध्यात्मिक निवास का प्रतिनिधित्व करता है, जो अनुष्ठानों को और अधिक सार्थक बनाता है। घाट स्थापित करने से भक्तों को अपनी पूजा और प्रार्थना को समर्पित, पवित्र स्थान पर केंद्रित करने में मदद मिलती है, जिससे उनका आध्यात्मिक अनुभव और भक्ति बढ़ती है।

**घटस्थापना के लिए आवश्यक वस्तुएं**

ज्योतिष के मुताबिक, घट स्थापित करते समय एक मिट्टी या तांबे के लोटे में साफ पानी भरकर नारियल पर लाल कपड़ा लपेटना चाहिए और नारियल को धागे से बांधकर उस स्थान पर लोटे के ऊपर रख देना चाहिए।

पूजा शुरू होने से पहले भक्तों को मां दुर्गा की पूजा और उन्हें प्रसन्न करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण वस्तुएं एकत्र करना आवश्यक है। सामग्री में नारियल, लाल कपड़ा या चुनरी, धागा, मिट्टी, अगरबत्ती, दूब घास, रोली, तिल, जौ, कपास, कलावा, देसी घी, कपूर, सुपारी, पान का पत्ता, तांबे का गिलास, सिन्दूर, पंचामृत शामिल हैं। फल, फूल, देवी दुर्गा के लिए बड़ी चुनरी और दुर्गा चालीसा।

यदि भक्त ऊपर बताए गए महत्वपूर्ण नियमों और अनुष्ठानों का पालन करके देवी दुर्गा की पूजा करते हैं, तो उन्हें मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होगा क्योंकि यह सौभाग्य लाएगा।

# तुलसी का अचानक उगना या मुरझाना, भविष्य के लिए है संदेश

सनातन धर्म में तुलसी पौधा को माता लक्ष्मी का रूप माना गया है। इसलिए हर एक घर में तुलसी पौधा होना आवश्यक है। जिस घर में तुलसी पौधा का वास होता है। उसे घर में सुख समृद्धि और जीवन में हमेशा खुशहाली होती है। इसके साथ ही उस घर में कभी भी आर्थिक तंगी नहीं होती है। वही मान्यताओं के अनुसार तुलसी का पौधा सुखना या झरना अशुभ संकेत देता है। उसी प्रकार तुलसी का पौधा खुद उग जाए तो कुछ सकरात्मक संकेत देता है। क्या है वह संकेत जानते है देवघर के ज्योतिषाचार्य से।



**क्या कहते हैं देवघर के ज्योतिषाचार्य**

देवघर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल ने लोकल 18 के संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा कि कोई भी पूजा पाठ में बिना तुलसी के पत्ते के निष्फल माना जाता है। इसलिए तुलसी पौधे का खास महत्व होता है। तुलसी पौधा माता लक्ष्मी का ही प्रतीक है। कई बार तुलसी का पौधा अपने आप घर में उगने लगती है या मुरझाई हुई तुलसी अचानक हरा भरा होने लगती है तो ये सब शुभ संकेत है। यानी माता लक्ष्मी की कृपा जातक के ऊपर बरसने वाली है।

**खुद उग जाए तुलसी का पौधा**

कभी-कभी कई घरों में तुलसी के पौधे खुद उग जाते हैं। अगर वह तुलसी का पौधा साफ सुथरा जगह में है तो ठीक है। नहीं तो उखाड़कर किसी साफ सुथरा जगह में लगा दें। तुलसी का पौधा खुद उगना इस बात का संकेत देता है कि घर में धन की वृद्धि होने वाली और माता लक्ष्मी आपसे प्रसन्न है ।

**मुरझाई तुलसी हरा भरा हो जाना**

अगर आपके घर में तुलसी का पौधा हो और वह मुरझाई हो लेकिन अचानक वही मुरझाई हुई तुलसी का पौधा हरा भरा होने लगे तो समझ जाइए आर्थिक स्थिति मजबूत होने वाली है, इसके साथ ही कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुलसी में मंजरी आ जाये तो**

अगर तुलसी में मंजरी आ जाए तो इस बात का संकेत देता है कि घर में धन और सुख समृद्धि की वृद्धि होने वाली है। माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा में मंजरी अवश्य अर्पण करें।

## बीएचयू में 18 पुराणों पर शुरू होगा शॉर्ट टर्म कोर्स, एनआरआई भी ले सकेंगे प्रवेश

सर्व विद्या की राजधानी कही जाने वाले काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पुराणों पर शार्ट टर्म कोर्स चलाए जाएंगे। बीएचयू के भारत अध्ययन केंद्र की ओर से इसका पूरा प्लान तैयार हो गया है। इस महीने 17 सितंबर से इसकी शुरुआत होगी, जो 14 दिनों तक यानी 30 सितंबर तक चलेगी। सबसे खास बात यह है कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही मोड में इसकी क्लासेस चलेंगी। बता दें कि युवाओं को भारतीय ज्ञान और परंपरा से जोड़ने के लिए इस सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की जा रही है। जहां 14 दिनों का यह शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स 'अष्टादशपुराण के प्रमुख प्रतिपाद' विषय पर आधारित है। इस कोर्स में यूजी और पीजी के स्टूडेंट्स के अलावा एनआरआई और शिक्षक भी प्रवेश ले सकेंगे।



जानकारी के अनुसार, एनआरआई स्टूडेंट्स को फीस के तौर पर 40 डॉलर देने होंगे। जबकि यूजी और पीजी के छात्रों के साथ शिक्षक और रिसर्चरों को 1200 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी जारी है। भारत अध्ययन केंद्र पहुंच लोग इसके रजिस्ट्रेशन से जुड़ी ज्यादा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। फिलहाल बीएचयू में इस कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से लिया जा रहा है। इसके लिए bhuonline.in पर जाकर आवेदन करना होगा।

भारत अध्ययन केंद्र की प्रोफेसर डॉ जया कुमारी ने बताया कि इस कोर्स में अलग अलग एक्सपर्ट 18 पुराणों के प्रमुख चींजों की जानकारी स्टूडेंट्स को देंगे। जिसके तहत भारतीय विधाएं, पुराण गत धर्म, पुराणों में ऋषि और ऋषिकाएं, वंशावली, व्रत, दान, प्रयाग, काशी का महात्म्य सहित अन्य जानकारी दी जाएगी।

# हर शुक्रवार को करें मां लक्ष्मी के इन मंत्रों का जाप, खत्म होगी पैसों की किल्लत

**वैसे तो रोजाना मां लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। वहीं शुक्रवार का दिन महालक्ष्मी को समर्पित होता है। मान्यता के अनुसार, शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य मिलता है।**

मां लक्ष्मी को धन-धान्य, संपदा और वैभव की देवी माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जिस भी जातक पर मां लक्ष्मी की कृपा होती है, उसे जीवन में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती है। वैसे तो रोजाना मां लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। वहीं शुक्रवार का दिन महालक्ष्मी को समर्पित होता है।

मान्यता के अनुसार, शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महालक्ष्मी के उन मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका जाप करने से व्यक्ति को हर तरह के संकटों से छुटकारा मिलता है।





**मां लक्ष्मी का बीज मंत्र**

मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए बीज मंत्र का जाप कर सकते हैं। इस मंत्र का जाप कमलगट्टे की माला से करना चाहिए।

**ऊँ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ऊँ महालक्ष्मी नमः।।**

**मां लक्ष्मी का मंत्र**

सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए महालक्ष्मी के इस मंत्र का हर शुक्रवार 108 बार जाप करना शुभ होता है।

**ऊँ श्रीं क्लीं महालक्ष्मी महालक्ष्मी एह्येहि सर्व सौभाग्यं देहि मे स्वाहा।।**

**कर्ज से मुक्ति पाने के लिए मंत्र**

जो भी जातक हर शुक्रवार को मां लक्ष्मी के इस मंत्र का जाप करता है, उसको धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है और जातक पर हमेशा मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। वहीं इस मंत्र का जाप करने जातक को कर्जे से छुटकारा मिल जाता है।

**ऊँ ह्रीं श्री क्रीं क्लीं श्री लक्ष्मी मम गृहे धन पूरये, धन पूरये, चिंताएं दूरये-दूरये स्वाहा:।।**

**धन लाभ के लिए मंत्र**

शुक्रवार को इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के घर में मां लक्ष्मी वास करती हैं।

**या रक्ताम्बुजवासिनी विलासिनी चण्डांशु तेजस्विनी।**
**या रक्ता रुधिराम्बरा हरिसखी या श्री मनोल्हादिनी।।**
**या रत्नाकरमन्थनात्प्रगटिता विष्णोस्वया गेहिनी।**
**सा मां पातु मनोरमा भगवती लक्ष्मीश्च पद्मावती ।।**

**मनोकामनाएं पूरी करने के लिए मंत्र**

बता दें कि मां लक्ष्मी के इस मंत्र का जाप करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इसलिए हर शुक्रवार को कमल के गट्टे की माला से 108 बार इस मंत्र का जाप करना चाहिए।

**श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं कमलवासिन्यै स्वाहा।**

सफलता पाने के लिए मंत्र

**ह्रीं ह्रीं श्री लक्ष्मी वासुदेवाय नमः**

## अच्छा 'गुण'

एक बार एक महात्मा से एक व्यक्ति ने पूछा कि अच्छा 'गुण' क्या है? महात्मा ने उसे समझाते हुए कहा कि 'दो प्रकार के वृक्ष हैं' कुछ जो अपना फल स्वयं सभी के लिए सामने रखते हैं और कुछ अपना फल छुपा कर रखते हैं। जो फल स्वयं औरों को दे देते हैं उन वृक्षों को सभी खाद पानी देकर सुरक्षित रखते हैं। ये वृक्ष फिर फल देने के लिए तैयार हो जाते हैं। लेकिन जो वृक्ष अपना फल छुपा कर रखते हैं, वे जड़ सहित खोद लिए जाते हैं, उनका वजूद ही खत्म हो जाता है।



ठीक इसी प्रकार जो व्यक्ति अपनी विद्या, धन, शक्ति स्वयं ही समाज सेवा में लगाते हैं, उनका सभी ध्यान रखते हैं। वे यश प्राप्त करते हैं। लेकिन जो अपनी विद्या, धन, शक्ति स्वार्थवश छुपाकर रखते हैं; किसी की सहायता से मुख मोड़ते हैं; वे समय रहते ही भुला दिए जाते हैं। अत: सदैव दूसरों की सेवा सहायता ही सबसे अच्छा गुण है।'

# शिवलिंग को पत्थर समझकर हटाने लगे थे राजा, तो बहने लगी थी खून की धारा, मन्नत मांगने के लिए लगती है भीड़

**बालखंडी नाथ मंदिर का इतिहास यह है कि यहां पर द्रौपदी ने शिवलिंग की पूजा कर मन्नत मांगी थी। जिस पर भगवान शिव ने उसकी मनोकामना पूरी की थी।**

भगवान शिव के कई सारे खास मंदिर यूपी में हैं। इन्ही में से एक है बलखंडीनाथ मंदिर, जिसकी मान्यता यह है कि यहां आने वाले भक्तों की सारी मनोकामना भगवान शिव अवश्य पूरी करते हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर में शिवलिंग का अभिषेक जल एवं पंचामृत से करने से सारी मन्नत पूरी हो जाती है। सावन के महीने में भी इस मंदिर में भारी भीड़ लगती है। दूर-दूर से भक्त सावन में कावड़ लेकर इस मंदिर में आते हैं।



**बालखंडी नाथ मंदिर का इतिहास**

बालखंडी नाथ मंदिर का इतिहास यह है कि यहां पर द्रौपदी ने शिवलिंग की पूजा कर मन्नत मांगी थी। जिस पर भगवान शिव ने उसकी मनोकामना पूरी की थी। यह शिवलिंग खुद से ही प्रकट हुआ था। तब बरेली का कोई राजा हुआ करता था। जिसका रथ शिवलिंग से टकरा गया था। तभी जब उन्होंने अपने साथी से पूछा कि यह क्या पड़ा है, तो पता चला कि वह स्वयं प्रकट हुआ शिवलिंग है।

लेकिन राजा ने इसे एक पत्थर समझ के हटाया और पत्थर को हटाने के लिए राजा ने अपने आदमी भेजें। उनसे नहीं हटा तो अपने हाथी भेजें और फिर उसे खींचा गया। लेकिन जब भी शिवलिंग नहीं खींचा। पर उसमें से जब खून निकलने लग गया, खून की धारा बहने लगी तब राजा को पता चला कि यह स्वयं शिव जी का शिवलिंग है। फिर उन्होंने शिव जी के नाम पर यहां एक मंदिर बनवाया।

**पूरे दिन होता है इस मंदिर में अभिषेक**

बालखंडी नाथ मंदिर के महंत जी ने बताया कि सावन के महीने में जब कावड़ यात्रा यहां आती है। तो सुबह 3.00 बजे से लेकर शाम के 10.00 बजे तक यहां कावड़ियों की भीड़ लगी रहती है। उसे वीर के कारण उन्हें शाम के समय की आरती में तकलीफ होती है। लेकिन सुबह के समय आप आराम से आरती कर सकते हैं। पूरे दिन इस मंदिर में शिवलिंग का अभिषेक होता है।

**यहां आए भक्तों का क्या है कहना**

बनखंडी नाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन करने आए भक्तों ने हमें एक खास बातचीत के दौरान बताया कि वह यहां काफी समय से भगवान शिव के दर्शन करने आते हैं। हर सावन लेकर बरखंडी नाथ मंदिर भगवान शिव को जल चढ़ाने आते हैं। इसके अलावा भी बताते हैं कि स्वयं प्रकट हुए शिवलिंग के रूप में भगवान शिव जी के दर्शन करने पर काफी दूर दराज से आते हैं।

## परंपरा

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. देवराज अर्स एक दिन अचानक गांव का दौरा करने पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक दलित परिवार को गांव के बाहर रहने के लिए मजबूर किया गया था। अर्स ने तुरंत गांव के प्रमुख लोगों को बुलाया और उनसे इस भेदभाव का कारण पूछा।



गांव वालों ने कहा कि यह परंपरा है और वे इसे नहीं बदल सकते। उन्होंने उनकी बात सुनी और फिर एक अप्रत्याशित कदम उठाया। उन्होंने घोषणा की कि वे उस दलित परिवार के साथ रात्रि भोजन करेंगे और उनके घर में ही रात बिताएंगे। यह सुनकर गांव के लोग स्तब्ध रह गए।

एक मुख्यमंत्री का दलित परिवार के साथ भोजन करना और उनके घर में रुकना उस समय एक बड़ा कदम था। उन्होंने न केवल भोजन किया, बल्कि पूरी रात उस परिवार के साथ बिताई और उनकी समस्याओं को सुना। अगले दिन सुबह उन्होंने गांव वालों को फिर से बुलाया। उन्होंने कहा कि अगर वे इस परिवार को गांव में नहीं रहने देंगे, तो वे खुद इस गांव में घर बनवाकर रहेंगे। गांव वालों ने अपनी गलती समझी और उस दलित परिवार को गांव में रहने की अनुमति दे दी।




## देवरा में होगा जूनियर एनटीआर-सैफ अली खान में जबर्दस्त एक्शन, भुला नहीं पाएंगे दर्शक

**निर्देशक कोराताला शिवा की आगामी बहुचर्चित फिल्म देवरा पार्ट 1, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस फिल्म को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है कि इसमें सैफ और जूनियर एनटीआर के बीच घमासान लड़ाई दिखाई जाएगी, जिसे प्रशंसक कभी भूला नहीं पाएंगे।**

देवरा में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ पहली बार जान्हवी कपूर की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म में भरपूर रोमांस के साथ धमाकेदार एक्शन भी देखने को मिलेगा। जूनियर एनटीआर और जान्हवी दोनों ही अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का जबर्दस्त तरीके से अब प्रचार भी किया जा रहा है। कोरताला शिवा द्वारा निर्देशित और जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर अभिनीत देवरा- पार्ट 1 को लेकर जो जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म में रोमांस के साथ एक्शन भी देखने को मिलेगा। आरआरआर फेम जूनियर एनटीआर और जान्हवी को एक साथ देवरा में देखने के लिए प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करते हैं। देवरा के कई पोस्टर के अलावा फिल्म के कई रोमांटिक सॉन्ग भी रिलीज किए जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में जान्हवी के अलावा सैफ अली खान, राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, श्रुति मराठे, नारायण, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमायु सिंह जैसे कई कलाकार अहम किरकार में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में सैफ अली खान मुख्य खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं और एनटीआर के साथ उनकी लड़ाई फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण होगी। फिल्म के आखिर में सैफ और एनटीआर के बीच होने वाली घमासान लड़ाई प्रशंसकों के लिए ना भूलने वाला दृश्य होगी। जानकारी के मुताबिक इस फाइट सीन के दौरान एनटीआर शर्टलेस हो जाएंगे। अनिरुद्ध ने संगीत तैयार किया है और अब सभी की निगाहें फिल्म की रिलीज पर टिकी हैं।



# मुझे टीवी पर काम करना पसंद नहीं आया

आप उनसे नफरत कर सकते हैं या मोहब्बत, मगर उन्हें आप इग्नोर नहीं कर सकते। हम बात कर रहे हैं सोशल मीडिया की सनसनी कहलाने वाली और नित नए विवाद जगाने वाली उर्फी जावेद की। यूं तो वह हमेशा हेडलाइंस बनाती हैं, मगर इन दिनों खास तौर पर चर्चा में हैं ओटीटी पर अपने नए रियलिटी शो फॉलो कर लो यार को लेकर।

**आपने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। वो दौर कैसा था आपके लिए?**

सच कहूं, तो मुझे टीवी पर काम करना इतना पसंद नहीं आया। टीवी में 60-60 घंटे काम किया है बिना ब्रेक के। मतलब कभी-कभी ये लोग 3-4 दिन शूट करवाते हैं, 2 घंटे सो जाओ फिर काम करो। फिर 2 घंटे सो जाओ फिर काम करो। लेकिन इसमें कोई रिस्पेक्ट नहीं है, बहुत बेइज्जती करते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि अगर आप मैन लीड नहीं हो या बहुत बड़े फेमस एक्टर नहीं हो, तो आपको कोई कुछ नहीं समझता टीवी पर। यही वजह है कि मुझे छोटे पर्दे से इतना लगाव नहीं हुआ और पॉलिटिक्स भी बहुत चलती है सेट पर। मुझे लगा कि मैं इन सबका हिस्सा नहीं बन सकती।

**लोगों का कहना है कि टीवी से शुरुआत करने के बाद आपने फेमस होने के लिए कपड़े उतारकर शॉर्टकट रास्ता अपनाया?**

सच कहूं तो मेरे पास इस रास्ते को अपनाने के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं था। अगर लोगों को ये शॉर्टकट लगता है, तो आप भी अपना लो ये रास्ता। उतार कर कपड़े, हो जाओ फेमस। अगर आपको पता है कि इससे सक्सेस मिल रही है और मैंने ये तरीका अपनाया तो आप भी अपना लो। किसने रोका है? सच्चाई ये है कि लोगों को नहीं पता है कि कितना मेहनत करनी पड़ती है, खून-पसीना बहाना पड़ता है सक्सेस के लिए। इसके बावजूद सफलता और शोहरत की गारंटी नहीं होती।

**लड़कियों को आम तौर पर जज किया जाता है। मोलेस्टेशन और रेप की दुर्दांत घटनाओं के लिए भी उन्हें दोषी माना जाता है। हाल ही में कोलकाता रेप केस और बदलापुर मोलेस्टेशन केस से लोगों में काफी आक्रोश है?**

विक्टिम ब्लेमिंग तो हमेशा से चली आ रही है। पहले जब औरत का रेप होता था, तो लोग कहते थे उसकी इज्जत चली गई। अरे, जिसने रेप किया, उसे आप कुछ नहीं कह रहे और जिसके साथ बलात्कार हुआ, उसकी इज्जत जाने की बात कर रहे हो। अगर औरत के साथ कुछ गलत हुआ है, तो इसमें उसकी क्या गलती है? गलत तो वो है, जिसने ये कु-कृत्य किया है। जब तक हम अपराधी को ब्लेम न करते हुए विक्टिम को ब्लेम करते रहेंगे, तब तक अपराध रुकेंगे नहीं। मुझे नहीं लगता कि दुनिया से रेप खत्म हो सकता है। समाज का वीकर जेंडर औरत है, तो उसे दबाना आपके लिए आसान होता है। मैं समझती हूं, रेप वैसे भी लस्ट इश्यू नहीं है। ये पावर का मुद्दा है।

**आपके रियलिटी शो की बात करूं, तो कुछ इसे आपकी ईमानदार कोशिश बता रहे हैं, मगर कुछ इसे किम कार्दाशियन के शो की सस्ती कॉपी कह रहे है। आप इस पर क्या कहेंगी?**

सस्ती कॉपी है तो क्या? उनका बहुत बजट है, हमारा सस्ता है, तो क्या करें? बजट नहीं था अपने पास। बजट बढ़ जाएगा तो फर्स्ट कॉपी बन जाएगी। ये पहला नहीं है। इससे पहले गौहर खान और निगार खान का खान सिस्टर्स शो आया था, मलाइका अरोड़ा का भी शो आ चुका है। पहले भी ऐसे कई उदाहरण हैं। बात बस यही है कि मेरी और किम की लाइफ में बहुत-सी समानताएं हैं। भाई-बहन सेम हैं, मैं भी पॉपुलर हूं, वह भी पॉपुलर हैं। हमारे बीच की समानताओं के कारण लोग हमारी तुलना कर रहे हैं, मगर मैं ये जरूर कहना चाहूंगी कि मैंने अपने जीवन को ईमानदारी से सबके सामने प्रस्तुत किया है।

**अपने रियलिटी शो के लिए आपको इंडस्ट्री से किस तरह का फीडबैक मिला है?**

बहुत अच्छा। मुझे अनन्या पांडे, नेहा धूपिया, रितेश-जेनेलिया, फराह खान ने मैसेजेस किए, तो सोफी चौधरी, भारती सिंह, सामंथा रुथ आदि ने मेरे लिए स्टोरी डाली थी।



## देवरा को घर वापसी कहने पर जान्हवी कपूर ट्रोल हुईं

जान्हवी कपूर जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के साथ देवरा पार्ट 1 के साथ तेलुगु सिनेमा में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। घोषणा के बाद से ही इस फिल्म को काफी चर्चा मिल रही है। आज ट्रेलर लॉन्च के मौके पर जान्हवी ने कहा कि वह अपनी सभी फिल्मों में जूनियर एनटीआर, जिन्हें तारक के नाम से भी जाना जाता है, के साथ काम करना पसंद करेंगी। यह फिल्म 27 सितंबर को रिलीज होने वाली है। जान्हवी ने कहा, ये मेरी डेब्यू फिल्म है और सच में ऐसा लग रहा है मेरे घर वापसी भी है क्योंकि मेरी पहली तेलुगु फिल्म है। ये बहुत बहुत खास है। इतने उत्साह के साथ आने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। यहां तक कि मैं भी तारक सर के साथ हर एक फिल्म करना चाहती हूं। मुझे बहुत मजा आया। मैंने बहुत कुछ सीखा और हर कोई जानता है कि मैं हमेशा से उनकी कितनी बड़ी प्रशंसक रही हूं और मुझे लगता है कि उनके साथ काम करने के बाद मैं उनकी और भी बड़ी प्रशंसक बन गई हूं।

हालांकि, इस अन्यथा मधुर भावना के एक विशेष हिस्से ने नेटिज़ेंस का ध्यान खींचा, जिन्होंने इसे समस्याग्रस्त पाया। मुद्दा यह था कि जान्हवी कपूर ने देवरा पर काम करने को घर वापसी (इस संदर्भ में, घर वापसी) के रूप में संदर्भित किया, भले ही उनकी माँ, श्रीदेवी ने मुख्य रूप से तमिल सिनेमा में काम किया था, न कि तेलुगु में। इस क्लिप को जल्द ही नेटिज़न्स से प्रतिक्रियाएँ मिलीं। एक ने कहा, क्या घर वापसी का कोई नकारात्मक अर्थ नहीं है? एक यूजर ने मज़ाक में कहा, यह उनकी पहली फ़िल्म और घर वापसी दोनों ही है एक अन्य ने कहा, श्रीदेवी ने लगभग 90 तमिल फिल्मों में काम किया है और अभी भी श्रीदेवी के चचेरे भाई तिरुपति में हैं। हो सकता है कि वह खुद को बढ़ावा देने के लिए इस भावना का इस्तेमाल कर रही हों। आगामी फिल्म देवरा-पार्ट 1 के निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया, जिसमें खून-खराबा, लड़ाई-झगड़े और थोड़ा-बहुत रोमांस दिखाया गया है। दो मिनट से ज़्यादा लंबे इस ट्रेलर में आम आदमी और बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान के बीच एक महामुकाबला दिखाया गया है।

## मुंबई में सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग कर रही हैं मृणाल ठाकुर



अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने खुलासा किया कि वह अपनी आगामी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग के लिए मुंबई वापस आ गई हैं। मृणाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर अपनी वैनिटी वैन की मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की। तस्वीर पर मुंबई मेरी जान और सन ऑफ सरदार 2 लिखा था। बैकग्राउंड स्कोर में पंजाबी एमसी का गाना ढोल जगीरो दा बज रहा था। सन ऑफ सरदार 2 अश्विनी धीर द्वारा निर्देशित 2012 की एक्शन-कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस दूसरी फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त भी हैं। मृणाल हाल ही में स्कॉटलैंड से छुट्टियां मनाकर लौटी हैं। अभिनेत्री ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी ड्रेसिंग टेबल, आईने और कुर्सी की तस्वीर साझा की। मृणाल ने यह नहीं बताया कि वह किस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। हालांकि, उनकी आने वाली फिल्मों में पूजा मेरी जान और है जवानी तो इश्क होना है भी शामिल हैं।

## मेरे लिए सबसे पहले मायने रखती हैं आराध्या

**बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ अक्सर कई मौके पर साथ देखी जा चुकी हैं। कुछ समय पहले ऐश्वर्या और आराध्या को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में एक साथ देखा गया था। ऐश्वर्या जहां भी जाती हैं आराध्या अक्सर उनके साथ होती हैं।**

एक पुराने इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने आराध्या को परी बताया और कहा था कि उनके लिए सबसे पहले आराध्या हैं बाकी सभी बाद में आते हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड की एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनकी एक झलक पाने को प्रशंसक बेकरार रहते हैं। ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या बच्चन के प्रति हमेशा सचेत रहती हैं क्योंकि वह एक समर्पित मां हैं। ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन ने 20 अप्रैल 2007 में शादी रचाई थी। इसके बाद 16 नवंबर, 2011 को उन्होंने अपनी बिटिया रानी आराध्या का स्वागत किया। ऐश्वर्या जहां भी जाती हैं अपनी बेटी आराध्या को साथ में ले जाती हैं। आराध्या अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग, कार्यक्रम और छुट्टियों में भी अपनी मां के साथ ही जाती देखी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऐश्वर्या राय ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि आराध्या के जन्म के बाद उनकी प्राथमिकताएं बिल्कुल बदल गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐश्वर्या राय ने एक इंटरव्यू में कहा था, जब मैं 18 साल की थी, तब से मैं कई जिम्मेदारियों को निभा रही हूं। मेरा दिन सुबह 5.30 बजे शुरू होता है। जब से मुझे याद है, तब से यह ऐसा ही रहा है। बेशक, आराध्या के बाद मेरी प्राथमिकताएं पूरी तरह बदल गई हैं। आराध्या सबसे पहले आती है, बाकी सब बाद में हैं।





## अक्षय कुमार के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा, खिलाड़ी की नई फिल्म का एलान

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के जन्मदिन के मौके पर फैंस को खास तोहफा मिला है। उनकी अगली फिल्म का एलान हो गया है। अक्षय की पिछली कई फिल्में फ्लॉप रही हैं। न एक्शन का दम दिखा न कॉमेडी काम आई। अब आगामी फिल्म में उन्होंने हॉरर पर दाव खेला है। इस फिल्म के फर्स्ट लुक के साथ टाइटल का भी एलान हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और करीब डेढ़ दशक बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन इस फिल्म के जरिए साथ काम कर रहे हैं। अक्षय कुमार की आगामी फिल्म का नाम भूत बंगला है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही वीडियो है। इसमें वे दूध से भरा कटोरा हाथ में लिए नजर आ रहे हैं। एक्टर के कंधे पर काली बिल्ली सवार है। खिलाड़ी कुमार की यह फिल्म अगले साल यानी 2025 में रिलीज होगी।

अक्षय कुमार ने इसके साथ लिखा है, वर्षों से जन्मदिन पर आप सभी से मिल रहीं शुभकामनाओं के लिए तहेदिल से शुक्रिया! इस साल इस खास दिन का जश्न भूत बंगला के फर्स्ट लुक के साथ मनाया जा रहा है। करीब 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ जुड़ते हुए मैं बेहद उत्साहित हूं। यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसका आना काफी वक्त से बाकी था। इस शानदार यात्रा को आप सभी के साथ साझा करने के लिए बहुत बेकरारी से इंतजार है। कुछ जादुई होने वाला है। एकता कपूर इस फिल्म का निर्माण कर रही हैं। फिल्म की कहानी काले जादू पर आधारित बताई जा रही हैं। अक्षय ने बताया कि यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय की इस पोस्ट पर यूजर्स के दिलचस्प कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आखिर 14 साल बाद दो शानदार लोग साथ जो




आ रहे हैं तो कुछ कमाल तो होने वाला है। एक यूजर ने लिखा, हॉरर में आपका अंदाज देखे वाला होगा। एक यूजर ने लिखा, कॉमेडी, एक्शन किंग और लव गुरू, अब हॉरर में दम दिखाएंगे। मालूम हो कि इस साल अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई। इसमें वे टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आए। लेकिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म औंधे मुंह गिरी। इसके बाद उनकी फिल्म सिरफिरा आई वह भी बेदम रही। इन दिनों वे खेल खेल में को लेकर चर्चा में हैं, जो बीते महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आई थी, लेकिन इसे भी दर्शक नहीं मिले। अब देखना होगा कि हॉरर में खिलाड़ी क्या कमाल करते हैं।

## रिलेशनशिप में झूठ बोलने वालों से नफरत करती हैं तमन्ना

तमन्ना भाटिया इन दिनों स्त्री 2 में अपने आइटम नंबर आज की रात को लेकर चर्चा में चल रही हैं। तमन्ना अपने बॉयफ्रेंड विजय वर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर काफी सुर्खियां बटोरती हैं। अब हाल ही में, तमन्ना ने रिलेशनशिप, हार्टब्रेक के बारे में बात की है राज शमानी के साथ एक इंटरव्यू में तमन्ना ने अपने जीवन के सपोर्ट सिस्टम और प्यार के बारे में बात की है। अभिनेत्री ने रिश्ते में रेड फ्लैग के बारे में बात करते हुए कहा कि पार्टनर पर कंट्रोल करना और झूठ बोलना रेड फ्लैग है, अभिनेत्री ने कहा कि वह ऐसे लोगों के साथ नहीं रह सकती हैं। इसके अलावा तमन्ना ने बताया कि पिछले रिश्ते में उन्हें बहुत ज्यादा गिफ्ट्स मिलते थे तो वह नाराज हो जाती थीं, अभिनेत्री को ऐसा लगता था कि वो रिलेशनशिप में प्राइज टैग लगा रहे हैं।



# किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं होंगे अवैध कब्जे : योगी आदित्यनाथ

**नोएडा/लखनऊ (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर जोर देकर कहा कि




किसी भी कीमत में अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ बुल्डोजर व सरकारी तंत्र का अभियानन जारी रहेगा।

आपको याद दिला दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहली बार वर्ष-2017 में मुख्यमंत्री बने थे।मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि जिन लोगों ने उत्तर प्रदेश में किसी की भी जमीन तथा प्रोपर्टी पर अवैध कब्जा कर रखा है वें अवैध कब्जे को 24 घंटे के अंदर छोड़ दें नहीं तो जबरन हटा दिया जाएगा। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने पुराने वायदे को दोहराया है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने कहा है कि मैंने 2017 में अवैध कब्जा करने वालों को समाप्त करने की घोषणा की थी।उन्होंने कहा कि मैं एक बार फिर दोहराता हूं कि उत्तर प्रदेश में अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अवैध कब्जा करने वाले तुरंत अवैध कब्जा छोड दें नहीं तो कब्जा तो हटवाया ही जाएगा साथ ही अवैध कब्जा करने वालों की प्रॉपर्टी नीलाम कर दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध कब्जे पर जीरो टॉलरेंस नीति घोषित कर रखी है। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के सभी बड़े अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस नीति की याद दिलाई। अधिकारियों के साथ बैठक में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने कहा कि अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है। इसमें जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्रवाई की जाए। उन्होंने अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामांतरण, पैमाइश, वरासत, उत्तराधिकार तथा भूमि उपयोग से जुड़े मामलों के तत्काल निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिलाधिकारी, एसडीएम और तहसीलदार अपने क्षेत्र में ऐसे लंबित प्रकरणों को चिन्हित करें और तेजी के साथ निर्णय लेते हुए यथोचित समाधान कराएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह आम आदमी के हितों को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले मामले हैं, हर हाल में इनका समयबद्ध निस्तारण होना ही चाहिए। व्यापक जन महत्व के इन मामलों के अनावश्यक लंबित रहने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए हैं।

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव राजस्व, पुलिस महानिदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राजस्व परिषद और राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को और लोकोपयोगी बनाने के लिए जारी प्रयासों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान, एसडीएम, सीओ, तहसीलदार जैसे जनता से सीधे तौर पर जुड़े अधिकारियों का जनता से सतत संवाद बना रहना चाहिए. लोगों की परेशानियों को सुनें और एक तय समय सीमा के भीतर मेरिट के आधार पर उनका निस्तारण कराएं।

# उप्र में निवेशकों को मिलेगी सुरक्षा व सुविधाएं: योगी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स के साथ वन टू वन मुलाकात भी की। इस दौरान सीएम योगी ने इन्वेस्टर्स को प्रदेश में सुरक्षित निवेश के साथ-साथ हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिलाया। वहीं इन्वेस्टर्स ने भी इस इवेंट को महत्वपूर्ण बताया, जबकि उन्होंने उत्तर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य करार दिया। देशी और विदेशी दोनों इन्वेस्टर्स ने माना कि भारत में सेमीकंडक्टर का काफी स्कोप है और पीएम मोदी के नेतृत्व में जल्द ही भारत सेमीकंडक्टर का हब बन सकता है।



सीएम योगी के राज में कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है, जिसके कारण विदेशी कंपनियां भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश आ रही हैं। हमारी कंपनी लगातार साल दर साल यहां निवेश बढ़ा रही है।

यूपी में निवेश करना अब बहुत अच्छा हो गया है, क्योंकि सरकार यहां जिस तरह सुविधाएं उपलब्ध करा रही है वह निवेश बढ़ाने के लिहाज से बहुत अच्छा कदम है। योगी जी ने जिस तरह सहयोग का भरोसा दिया है, उससे निवेशकों में उत्साह है, जो राज्य में निवेश बढ़ाने को लेकर काफी कारगर साबित होगा।

# गोल्ड मेडल विजेता प्रवीण से मिले योगी, किया सम्मानित

**नोएडा (चेतना मंच)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस पैरालंपिक



2024 में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार से ग्रेटर नोएडा स्थित सेमीकॉन इंडिया 2024 कार्यक्रम में माता पिता और कोच के साथ मुलाकात की। इस मौके पर इनके साथ जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ही प्रवीण कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करवाई।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के लिए तो गर्व की बात है ही साथ ही देश के हर हिस्से में रहने वाले सभी भारतीयों के लिए भी गर्व की बात है कि जेवर के प्रवीण कुमार ने पेरिस पैरालंपिक-2024 में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रवीण कुमार की सफलता में उनकी अपनी मेहनत के साथ-साथ उनके माता-पिता का विशेष योगदान है। इस मौके पर स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार ने कहा कि देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना एक सपने के सच होने जैसा है। यह जीत उन सभी के लिए है जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे उम्मीद है कि इससे कई लोगों को अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

इस मौके पर प्रवीण कुमार के साथ उनके कोच सतपाल सिंह, इनके पिता अमरपाल सिंह, माता श्रीमति निर्दोष देवी, मुकेश सिंह प्रधान, अंकुर कुमार व सुधीर त्यागी के अलावा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी आदि मौजूद थे।

## आइटीआई में प्रवेश के लिए 15 तक करें आवेदन

**नोएडा (चेतना मंच)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा गौतमबुद्धनगर के प्रधानाचार्य/ नोडल अधिकारी यज्ञ देव सिंह ने बताया कि राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में तृतीय चरण के प्रवेश के उपरांत अवशेष सीटों की सूचना परिषद की वेबसाइट www.scvtup.in से प्राप्त की जा सकती है।

चौथे चरण में प्रवेश के लिए राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पूर्व पंजीकृत अभ्यार्थी द्वारा नवीन विकल्पों के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा चौथे चरण के लिए नवीन अभ्यार्थी द्वारा आवेदन तथा रिक्त सीटों का विवरण http:www.scvtup.in के लिंक पर उपलब्ध है। चौथे चरण के लिए नवीन अभ्यार्थी द्वारा आवेदन पर क्लिक कर पहले अपना फॉर्म भरना होगा। फॉर्म भरने के पश्चात उसे प्रीव्यू वाले पृष्ठ पर अंकित प्रोसीड फॉर पेमेंट के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन भुगतान करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि चौथे चरण के प्रवेश तिथि एवं नवीन विकल्पों के ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थी 15 सितंबर 2024 रात्रि 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यार्थी अपने नजदीकी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

**गणपति बप्पा मोरया**



गाजियाबाद के विजयनगर (शिवपुरी) में गणेश प्रतिमा स्थापना व पूजन के पांच दिन बाद मूर्ति का गढ़ गंगा में विसर्जन करते श्रद्धालु।

## घर के बाहर से मोटर साइकिल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 में रहने वाले एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाशों उनके घर के बाहर से चोरी कर लिया है।

थाना सेक्टर-24 के प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि प्रशांत कुमार शुक्ला पुत्र हृदय नारायण शुक्ला ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर-12 के वाई ब्लॉक में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल अपने घर के बाहर खड़ी की थी। वहां से अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नट की मड़ैया में पोषण माह पर हुआ विशेष कार्यक्रम

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सीडीपीओ संध्या सोनी ने बताया कि दनकौर ग्रेटर नोएडा में पोषण माह के अंतर्गत नट की मडैया एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें होंडा इंडिया फाउंडेशन के वॉलंटियर्स द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय को सही पोषण के महत्व से अवगत कराना था।



इस आयोजन के दौरान लाभार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर निर्माण और रेसिपी डेमोंस्ट्रेशन जैसे कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में हिस्सा लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, महिलाओं और परिवारों को संतुलित आहार, सही पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूक किया गया। होंडा वॉलंटियर्स द्वारा की गई अनूठी प्रस्तुतियों ने स्थानीय समुदाय को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति सजग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की राष्ट्रीय पोषण अभियान को बल देना और ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी समस्याओं का समाधान करना हैं।

# हॉस्य योग का प्रसार कॉरपोरेट घरानों तक भी हुआ

**नोएडा (चेतना मंच)।** जलवायु विहार लाफ्टर योगा क्लब सेक्टर-21,नोएडा के आठ सदस्य ने गेल प्रशिक्षण संस्था, नोएडा में एक हँसी सत्र का आयोजन किया गया।

कर्मचारियों के अलावा प्रभारी अधिकारी संजय अग्रवाल भी शामिल हुए। हर कोई खूब हंस रहा था और हास्य योग के बारे में जानकर खुश था। उन्होंने अपने स्टाफ के लिए प्रतिदिन 15 मिनट के योग के अलावा अगले बैचों के लिए भी हास्य योग सत्र आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। कुछ प्रतिभागियों ने सत्र को अपनी आवासीय कॉलोनियों में आयोजित करने में भी रुचि व्यक्त की। गेल प्रशिक्षण संस्था में हास्य योग सत्र एक बहुत ही सकारात्मक खुशी के साथ संपन्न हुआ।



# चोटपुर कालोनी की नारकीय हालत पर किसी की नजर नहीं!

## उबड़-खाबड़ गलियों में होता है जल भराव, कूड़ा फेंकने की समस्या बनी आफत

**नोएडा (चेतना मच)** नोएडा प्राधिकरण का नारा,






(स्वच्छ नोएडा हरित) नोएडा की हकीकत जाननी है तो चोटपुर कॉलोनी में जाकर देख सकते हैं। आप कहेंगे कि इस नारकीय माहौल में लोग कैसे रह रहे हैं।

चोटपुर कॉलोनी में प्रवेश करने वाला 12 फुटा रोड गिट्टी प्लांट से शुरू होता है। यहीं से आपको एहसास हो जाएगा कि अब हम चोटपुर कॉलोनी में प्रवेश कर रहे हैं। यह कॉलोनी काफी पुरानी है बस यहां की सड़कें और यहां 24 घंटे में से 8 घंटे आने वाली लाईट ने यहां निवास करने वाले लोगों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर रखा है। पर लोग कर भी क्या सकते हैं जो उन्होंने अपने खून पसीने की कमाई से आशियाना जो बना लिया है। चोटपुर कॉलोनी में गिट्टी प्लांट से नीचे उतरते ही आपको दुकानों के दरवाजों को पकड़कर चलना पड़ेगा। क्योंकि यहां थोड़ा सा बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है और नालियों का पानी भी इसी सड़क पर बहता रहता है। इस वजह से कई बार गलियों में ई-रिक्शा भी पलट जाते हैं। यह स्थिति गिट्टी प्लांट से लेकर सोमवार बाजार तक है। यह रोड काफी चौड़ा है और काफी समय से खराब होने की वजह से यहां लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं दूसरी तरफ लोगों की समस्या घरों से निकलने वाला कूडे की है। क्योंकि चौड़ी सड़कों पर तो नोएडा प्राधिकरण की गाड़ी आती है, वही छोटी गलियों में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नहीं जाने के कारण लोगों को खाली पड़े प्लॉटों पर कूड़ा फेंकना पड़ता है। जिसकी वजह से यहां के लोगों में बीमारी का खतरा भी बना रहता है। क्योंकि खाली प्लॉट में कूड़ा फेंकने से कीड़े मकोड़े आदि लोगों के घरों में चले जाते हैं, यहां के लोगों का कहना है कि नोएडा प्राधिकरण की छोटी गलियों में भी कूड़ा उठाने वाला रिक्शा जाए तो हम लोगों को गंदगी से निजात मिल पाएगी।और बीमारियों से भी खतरा कम हो जाएगा।

